**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
रविवार, 03 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 210, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## अमेरिकी शुल्क से बढ़ीं वाहन उद्योग की चिंता

भारतीय आयात पर अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत शुल्क लगाने से भारत के वाहन और टायर उद्योग में चिंताएं बढ़ गयी हैं। } 14

## ओवल में यशस्वी जायसवाल ने जड़ा शतक

भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड परबढ़त हासिल कर ली है। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन पारी खेलते हुए 118 रन बनाये। } 15

### संक्षेप

## छेड़छाड़ के आरोप में मंत्री का निजी सचिव सस्पेंड

लखनऊ। यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव रहे जय किशन सिंह को आउटसोर्स महिला कर्मचारी के शीलभंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि महिला की शिकायत पर खुद मंत्री असीम अरुण ने पुलिस को बुलाया था और आरोपी सचिव को गिरफ्तार करवा दिया था। ज्ञात हो कि बीते बृहस्पतिवार को एक महिला कर्मचारी ने मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव जय किशन सिंह पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। मंत्री ने महिला की पीड़ा सुनने के बाद गोमतीनगर पुलिस को बुलाकर आरोपी जय किशन सिंह को थाने भिजवा दिया था। पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घाटी में मुठभेड़ दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के वन क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद रात में दोनों के बीच मुठभेड़ शुरु हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद रात में अभियान को रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि घेराबंदी को मजबूत किया गया तथा क्षेत्र में अतिरिक्त बल को भी तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार सुबह गोलीबारी फिर शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का पता लगाया जा रहा है। मुठभेड़ अब भी जारी है।

## सड़क हादसे में 6 की मौत, 10 घायल

लखनऊ। महराजगंज, सुलतानपुर और झांसी जिले में हुए सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। महराजगंज जिले में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्यामदेउरवा के थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया, टक्कर में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों में से तीन की मौत हो गई। एक अन्य को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राजन (22), तबारक (25) और आनंद (24) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## दुराचार मामले में पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में यहां की एक विशेष अदालत ने पूर्व सांसद एवं जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना को बलात्कार के एक मामले में शनिवार को उसके शेष जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने शुक्रवार को 34 वर्षीय रेवन्ना को उसके खिलाफ दर्ज यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में दोषी ठहराया था।

- दुराचार व यौन शोषण के चार मामलों में से एक में दोषी करार

सजा सुनाए जाने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना ने फूट-फूट कर रोते हुए अदालत से कम सजा की अपील की और कहा कि वह बीई मैकेनिकल स्नातक हैं और हमेशा योग्यता के आधार पर उत्तीर्ण हुए हैं तथा उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। सांसदों/विधायकों के लिए विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने आरोपी पर कुल 11.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और कहा कि इस जुर्माने की राशि में से 11.25 लाख रुपये पीड़िता को दिये जाएंगे। यह मामला 48 वर्षीय उस महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा में स्थित रेवन्ना परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करती थी। वर्ष 2021 में उसके साथ दो बार बलात्कार किया गया था और आरोपी ने इस कृत्य को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुझ पर मोदी-योगी का नाम लेने का बनाया था दबाव : प्रज्ञा ठाकुर

### जांच अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप, अस्पताल में अवैध रूप से हिरासत में रखा

एजेंसी

मुंबई। मालेगांव विस्फोट मामले में बरी की गईं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने शनिवार को आरोप लगाया कि जांच अधिकारियों ने उन्हें प्रताड़ित किया था और उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई लोगों के नाम लेने को कहा था। ऐसा पहली बार है जब ठाकुर ने यह सनसनीखेज दावा किया है, जिसका एनआईए की विशेष अदालत के 1036 पृष्ठों के फैसले में कोई उल्लेख नहीं है। विशेष अदालत ने मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया था। ठाकुर शनिवार को कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सत्र अदालत में पेश हुईं। अदालत के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने दावा किया कि पूछताछ के दौरान उन्हें प्रताड़ित किया गया था।

विशेष न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने अपने फैसले में ठाकुर के यातना और दुर्व्यवहार के दावों को खारिज कर दिया है। ठाकुर ने पत्रकारों से कहा उन्होंने (अधिकारियों ने) मुझे प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेने को कहा, क्योंकि उस समय मैं सूरत (गुजरात) में रह रही थी। भागवत (आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का स्पष्ट संदर्भ) जैसे कई नाम हैं, लेकिन मैंने किसी का नाम नहीं लिया, क्योंकि मैं



झूठ नहीं बोलना चाहती थी। ठाकुर ने दावा किया कि उन्होंने यह सब लिखित में दिया था। ठाकुर ने कहा उनका उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था। उन्होंने कहा कि अगर मैंने नाम नहीं लिए, तो वे मुझे प्रताड़ित करेंगे। इन नामों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुदर्शन जी, इंद्रेश जी, राम जी माधव और कई अन्य शामिल हैं, जिनके नाम मुझे अभी याद नहीं आ रहे हैं। भाजपा की पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि उन्हें अस्पताल में भी अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जहां वह बेहोश हो गईं और उनके फेफड़े खराब हो गए। ठाकुर ने कहा मैं अपनी कहानी लिख रही हूं, जिसमें ये सब लिखूंगी। सच सामने आएगा। यह धर्म की विजय है, सनातन धर्म की विजय है, हिंदुत्व की विजय है, यह सनातनी राष्ट्र है, और यह सदैव विजयी होता है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ठाकुर ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, लेकिन उनके दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया गया। इसने 2011 के उच्चतम न्यायालय के आदेश का भी हवाला दिया गया, जिसमें अवैध हिरासत, यातना और हिरासत के उनके दावों को खारिज कर दिया गया था।

निचली अदालत ने कहा कि ठाकुर ने नासिक की अदालत में कोई शिकायत नहीं की थी जब उन्हें गिरफ्तारी के बाद रिमांड के लिए पेश किया गया था। न्यायाधीश लाहोटी ने कहा मेरे संज्ञान में कोई सबूत (यातना और दुर्व्यवहार का) नहीं लाया गया है और इसलिए मैं इस दलील को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं हूं। इस बीच, ठाकुर ने कहा कि उनके खिलाफ पूरा मामला निराधार है। उन्होंने महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बाबा भोले के आशीर्वाद से पूरा हुआ ऑपरेशन सिंदूर

### 51वें दौरे पर काशी से किसानों को बड़ी सौगात, एक क्लिक में देश के 9.70 करोड़ से अधिक किसानों के पास आयी 'समृद्धि'

जिला संवाददाता

लखनऊ/वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में शनिवार को 51वीं बार पहुंचे। इस शुभ अंकों के साथ उन्होंने काशी से किसानों को बड़ी सौगात दी। श्रावण मास में देवाधिदेव महादेव की काशी से पीएम मोदी ने अन्नदाताओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। सिर्फ एक क्लिक में देश के 9.70 करोड़ से अधिक किसानों के पास सम्मान निधि के रूप में 'समृद्धि' पहुंची। सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश के 2.29 करोड़ तथा काशी के 2.21 लाख किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से किसान सम्मान निधि पहुंची। बिना ब्रेक जारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से अब तक किसानों के खाते में पौने चार लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए देश के किसानों के खाते में आज तक केंद्र सरकार द्वारा पौने चार लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। वहीं यूपी






के लगभग ढाई करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला है। यूपी के किसानों के खाते में 90 हजार करोड़ से अधिक रुपये भेजे गए हैं। अकेले काशी के किसानों को करीब 900 करोड़ रुपये मिले हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का उनका वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा हुआ। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ कार्रवाई का वर्णन करने के लिए भगवान शिव के प्रचंड रुद्र रूप का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को देश की ताकत दिखाई है और एक स्पष्ट संदेश दिया है - जो कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा, यहां तक कि पाताल लोक में भी नहीं।

मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों के लिए मेरा दिल दुख से भर गया है। उन्होंने कहा महादेव के आशीर्वाद से हमारी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का मेरा वादा पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित करता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अपराधियों को मिट्टी में मिलाने का माद्दा रखता है भारत : योगी

वाराणसी/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की शक्ति व सामर्थ्य का अहसास किया है। नया भारत पहलगाम के अपराधियों को मिट्टी में मिलाकर और दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने का माद्दा रखता है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। पिछले 11 वर्ष में चार दर्जन से अधिक देशों ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान समर्पित किया है। लोककल्याण और विश्वकल्याण के लिए दुनिया उनकी दूरदर्शिता का लोहा मानती है। जुलाई में घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, नामीबिया, ब्राजील ने सर्वोच्च ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सबूतों का एटम बम तो फोड़ें राहुल : राजनाथ

### निर्वाचन आयोग पर बिहार में वोट चोरी के आरोपों को लेकर रक्षामंत्री की चुनौती

एजेंसी

पटना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्वाचन आयोग पर बिहार में वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में वोट चोरी में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो एटम बम की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी।

पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की



ओर ले जाता है और दूसरा (इंडिया गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास एटम बम है। अगर ऐसा है, तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ देना चाहिए। उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल गांधी के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा उन्होंने (राहुल) संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए प्रतिष्ठित है। सिंह ने कहा राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। सिंह ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जमानत के बाद जेल से बाहर आयीं दो नन

दुर्ग/बिलासपुर। मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को छत्तीसगढ़ की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया।

कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का जेल के बाहर केरल के कई नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसद, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित कांग्रेस के कुछ नेता भी शामिल थे। जेल से बाहर निकलने के बाद दोनों नन चंद्रशेखर के साथ एक वाहन में वहां से चली गईं। इससे पहले, जमानत आदेश की खबर मिलने के बाद एलडीएफ सांसद और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड : 8.28 लाख किसानों को मिले 184 करोड़

### अन्नदाता के उत्थान व समृद्धि के लिए निरंतर कार्यरत है सरकार : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उत्थान एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि उपकरण खरीदने के लिए फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। किसानों के हित में नहरों से सिंचाई को पूरी तरह मुफ्त किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए पॉलीहाउस के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान भी किया गया है। गेहूं खरीद पर किसानों को 20 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान करने के साथ ही गन्ने के मूल्य में भी 20 रुपये



प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह विचार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत देश के 09 करोड़ 71 लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 20 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का डिजिटल हस्तांतरण करने के अवसर पर देहरादून के गढ़ीकेंट में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के 08 लाख 28 हजार 787 लाभार्थी किसान परिवारों को 184.25 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- यूपी में फहरेंगे 4.6 करोड़ राष्ट्र ध्वज : मुख्य सचिव (पृष्ठ-02)
- दुबई पहुंचा उत्तर प्रदेश का बिस्कुट (पृष्ठ-02)
- ट्रंप के टैरिफ से बढ़ी वाहन उद्योग की चिंता (पृष्ठ-14)
- भारत ने 2024 में किये रिकॉर्ड 18,900 अंगप्रत्यारोपण (पृष्ठ-14)
- देश हित पर सरकार सजग, स्वदेशी अपनायें (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** 12 जिलों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी टीम, मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र का दौरा करने के दिये निर्देश

## योगी ने बाढ़ राहत के लिए टीम-11 का किया गठन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए अपने मंत्रियों की टीम-11 नामक एक विशेष टीम का गठन किया है। यहां शनिवार को एक आधिकारिक बयान के जरिये यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में हालिया बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अपने मंत्रियों की एक विशेष टीम-11 का गठन किया है। यह टीम बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित न रह जाए। बयान के मुताबिक बाढ़ प्रभावित जनपद एवं प्रभारी मंत्रियों में (टीम-11) प्रयागराज- नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जालौन- स्वतंत्र देव सिंह एवं संजय गंगवार, औरैया-




स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रतिभा शुक्ला, हमीरपुर- रामकेश निषाद, आगरा- जयवीर सिंह, मिर्जापुर- नंद गोपाल गुप्ता नंदी, वाराणसी- सुरेश खन्ना, कानपुर देहात- संजय निषाद, बलिया- दया शंकर मिश्रा दयालु, बांदा- नंद गोपाल गुप्ता नंदी, इटावा- धर्मवीर प्रजापति और फतेहपुर- अजीत पाल शामिल हैं। इन 11 मंत्रियों में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल गुप्ता नंदी को दो-दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का है। राज्य सरकार हर नागरिक की सुरक्षा, भोजन, आवास व स्वास्थ्य की जिम्मेदारी पूरी प्रतिबद्धता से निभाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी प्रभारी मंत्री तत्काल अपने-अपने जिलों का दौरा करें, राहत शिविरों का निरीक्षण करें और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर जमीनी स्थिति की समीक्षा करें। जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद रहें और 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सक्रिय रखें। योगी ने तटबंधों की 24 घंटे निगरानी, जलभराव वाले गांवों से पानी की शीघ्र निकासी एवं राहत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पंजाब : फर्जी मुठभेड़ मामले में 5 पूर्व पुलिसकर्मी दोषी करार

एजेंसी

चंडीगढ़। मोहाली की एक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पांच पूर्व पुलिस अधिकारियों को 1993 में हुई फर्जी मुठभेड़ में शामिल होने का दोषी ठहराया है। इस मामले में तरनतारन जिले के सात लोगों की मौत हो गई थी।

न्यायाधीश बलजिंदर सिंह सरा की अदालत ने शुक्रवार को उन्हें आपराधिक साजिश, हत्या और सबूत मिटाने का दोषी पाया। सजा चार अगस्त को सुनाई जाएगी। जिन लोगों को दोषी ठहराया गया है उनमें पूर्व पुलिस उपाधीक्षक भूपिंदरजीत सिंह (जो बाद में एसएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए), पूर्व सहायक उपनिरीक्षक दविंदर सिंह (जो डीएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए), पूर्व सहायक उपनिरीक्षक गुलबर्ग सिंह, पूर्व निरीक्षक सूबा सिंह और पूर्व एएसआई रघबीर सिंह शामिल हैं।

सात पीड़ितों में से तीन विशेष पुलिस अधिकारी थे। सीबीआई की जांच से पता चला कि सिरहाली थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी (एसएचओ) गुरदेव सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल 27 जून 1993 को एक सरकारी ठेकेदार के निवास से एसपीओ शिंदर सिंह, देसा सिंह, सुखदेव सिंह और बलकार सिंह व दलजीत सिंह नामक दो अन्य लोगों को साथ ले गया। सीबीआई ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिव्यांगजनों एवं वृद्धों के चेहरे पर आई मुस्कान

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए शारीरिक चुनौतियां दोगुनी मुसीबत बनकर सामने आती हैं। ऐसे मुश्किलों से सामना करने के लिए मोदी-योगी की सरकार सीनियर सिटिजन एवं दिव्यांगजनों के लिए सहारा बन कर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में शनिवार को दिव्यांगजनों और वृद्धों को कई उपकरण वितरित किए। राष्ट्रीय वयोश्री और एडिप योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किए गए, जिससे उन्हें शारीरिक चुनौती का सामना न करना पड़े और वे आत्मनिर्भर बनें।

### प्रधानमंत्री के हाथों सहायक उपकरण पाने वाले 5 दिव्यांग

- बबली (छात्रा) को लो-विजन चश्मा
- संतोष कुमार पांडेय (रग्बी एवं क्रिकेट खिलाड़ी) को स्पोर्ट्स व्हीलचेयर
- विकास कुमार पटेल (क्रिकेट खिलाड़ी) को एक्टिव फोल्डिंग व्हीलचेयर
- किशुन को श्रवण यंत्र
- सीता कुमारी पाल (शिक्षिका) मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

- **लाभार्थियों ने डबल इंजन सरकार (मोदी-योगी) का जताया आभार**
- **बोले- दिव्यांगजनों के लिए अनेक कार्य कर रही सरकारें**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वृद्धों एवं दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 9 लाख की लागत से 7486 सहायक उपकरण किये वितरित**

- **5 लाभार्थियों को मंच से दिए उपकरणे**

**2 करोड़ 9 लाख रुपये से उपकरण किये गये वितरित :** एलिम्को के सीएमडी प्रवीण कुमार ने बताया कि लाभार्थियों को उपकरण उपलब्ध कराने में एलिम्को (अछक्टउडझकृत्रिम अंग निर्माण निगम) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही हुडको तथा आईडीबीआई बैंक ने सीएसआर योजना के अंतर्गत मदद की है। उन्होंने जानकारी दी कि शनिवार को जनसभा के दौरान 2025 वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को 46 तरह के 7486 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसकी लागत लगभग 2 करोड़ 9 लाख रुपये है। एलिम्को और वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगभग तीन महीनों के सर्वे के बाद पात्र लाभार्थियों की सूची बनाकर लाभान्वित किया गया है।

**105 दिव्यांगजनों को दी गई आधुनिक मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल :** 105 दिव्यांगजनों को आधुनिक मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा मंच से सांकेतिक वितरण करते हुए लिथियम आयरन फास्फेट बैटरी से चलने वाली आधुनिक मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, स्पोर्ट्स व्हीलचेयर, एक्टिव फोल्डिंग व्हील चेयर, उच्च शक्ति वाला चश्मा, प्रोग्रामेबल श्रवण यंत्र तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिक लाभार्थी को वयोश्री किट (जिसमें वृद्धावस्था के कारण उत्पन्न विभिन्न शारीरिक दुर्बलता के लिए सहायक उपकरण- घुटनों के लिए नी ब्रेस, कमर दर्द के लिए एलएस बेल्ट, गले के लिए सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट सम्मिलित है)। इसके अलावा अन्य उपकरणों में व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट फोन, सुगम्य केन, छड़ी आदि उपकरण शामिल है।

### लाभार्थियों ने जताया आभार

दिव्यांगजन लाभार्थियों ने डबल इंजन सरकार (मोदी-.योगी) के प्रति आभार जताया। सभी ने कहा कि डबल इंजन सरकार लाभार्थियों के लिए अनेक कार्य कर रही है। आने-जाने की सुविधा मिल गई है। अब किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिव्यांगजन पेंशन की राशि भी बढ़ाई गई, इसके लिए योगी जी का भी धन्यवाद। इतनी उम्र बीत गई, लेकिन पहले ऐसी सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं, जैसी अब मिल रही है।

**कामता प्रसाद, लाभार्थी, बैटरी चालित व्हील चेयर**

मोदी द्वारा मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिली है तो योगी जी ने दिव्यांगजन पेंशन की रकम बढ़ाकर हम लोगों को सहारा दिया है। मोदी बेस्ट पीएम और योगी बेस्ट सीएम हैं।

**रुद्र कुमार, लाभार्थी**

मेरी दुकान है। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से आने जाने की समस्या का समाधान मोदी -योगी जी ने कर दिया है। पहले ऐसी सुविधा नहीं मिल पाई थी। मोदी-योगी जी हमारी समस्या समझते हुए अनेक योजनाएं चला रहे हैं।

**प्रमोद कुमार वर्मा, लाभार्थी**

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को भेंट किया जीआई क्रॉफ्ट निर्मित अद्भुत शिवलिंग, नंदी और त्रिशूल

**वाराणसी।** श्रावण मास के पावन अवसर पर शनिवार को काशी पहुंचे वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जी.आई. रजिस्टर्ड बनारस मेटल रिपोंसी क्राफ्ट से निर्मित अनूठी कलाकृति भेंट की गई। इस शिल्प में काशी के तीन जी.आई. क्राफ्ट्स, जिसमें मेटल रिपोंसी क्राफ्ट, मीनाकारी और मेटल कास्टिंग क्राफ्ट का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। पद्मश्री सम्मानित जी.आई. विशेषज्ञ डॉ. रजनी कांत ने बताया कि इस विशिष्ट उपहार में मीनाकारी की चौकी पर सुशोभित 18 इंच ऊंची और 15 इंच चौड़ी कलाकृति शामिल है। इसमें अरघा में शिवलिंग, पांच फन वाला नाग, नंदी, प्रसाद, कलश में गंगा जल, त्रिशूल और चंदन भस्म मौजूद है। इस कृति को धातु शिल्पी अनिल कसेरा, रघुनाथ कसेरा और मीनाकारी कलाकार अरुण कुमार वर्मा ने एक सप्ताह के निरंतर प्रयास और जी.आई. विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में श्रावण मास की थीम पर तैयार किया।

डॉ. रजनी कांत ने कहा कि यह कलाकृति काशी की समृद्ध शिल्प परंपरा और जी.आई. की ताकत को दर्शाती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने काशी के सिल्क और भदोही की कालीन सहित बुनकरों और शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'स्वदेशी और लोकल से ग्लोबल' का आह्वान किया। उन्होंने जी.आई. को कानूनी रूप से लोकल पहचान बताते हुए इसके संरक्षण और प्रचार के लिए ठोस कदम उठाने का संदेश दिया। शिल्पी समाज ने इस सम्मान पर गर्व व्यक्त किया और इसे काशी की कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## राज्य व जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे एक्टिव रहें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनेगी, वहां पशुओं की सुरक्षा के भी प्रबंध होने चाहिए। गोआश्रय स्थलों में पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे एक्टिव रहे।

प्रदेश के मुख्य सचिव शनिवार को संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के सभी जिलाधिकारी संबंधित विभागों एवं केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय बनाकर पूरी सतर्कता के साथ राहत एवं बचाव कार्यों को करायें तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करें, जिससे कहीं पर भी जन-धन का नुकसान न होने पाये। उन्होंने कहा कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त राहत सामग्री की उपलब्धता रहे। बाढ़ राहत शिविरों में लोगों के लिए लंच पैकेट, शुद्ध पेयजल, दवाओं व नाश्ते के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध रहे। अन्य राहत सामग्री की गुणवत्ता से भी कोई समझौता न किया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति में व्यवस्थाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ/पीएसी फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें चौबीसों घंटे एक्टिव मोड में रहें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देरी न हो। प्रभावित परिवारों को जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। पर्याप्त नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से हो जाए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बीमारियों के प्रसार की भी संभावना रहती है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय रहे। लोगों के लिए अस्पतालों में क्लोरीन टैबलेट, ओआरएस, जरूरी दवायें आदि की उपलब्धता होनी चाहिए। राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के 24 जिलों अतिसंवेदनशील स्थिति में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरुप्रसाद, राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

- **प्रदेश के 24 जिलों में अतिसंवेदनशील स्थिति**
- **मुख्य सचिव ने संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की**
- **बाढ़ राहत शिविरों में लोगों के लिए लंच पैकेट, शुद्ध पेयजल, दवाओं व नाश्ते के लिए जरूरी सामग्री रहे उपलब्ध**

# यूपी में इस साल फहरेंगे 4.6 करोड़ राष्ट्रध्वज : मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' अभियान के तहत इस वर्ष 4.6 करोड़ से अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, एमएसएमई, खादी ग्रामोद्योग व अन्य निजी सिलाई केन्द्रों के माध्यम से झण्डों का निर्माण कराया जाये और पंचायत भवनों, जन सेवा केन्द्रों, राशन केन्द्रों, तहसील, विकास खण्ड, पेट्रोल पंप, गैस एजेन्सी, डाकघर आदि में विपणन की व्यवस्था करायी जाये।

- **मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' की तैयारियों की समीक्षा की**

मुख्य सचिव शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' को प्रदेशभर में एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और जिलाधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बाइक और साइकिल रैलियां, युवा परेड और सामुदायिक तिरंगा यात्राएं आयोजित की जायें। राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति की चेतना के संदेश को मजबूत करने के लिए स्कूली बच्चों, युवाओं और सभी क्षेत्रों के नागरिकों को शामिल किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों, स्मारकों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा-थीम वाली लाइटिंग, भित्ति चित्रों और रंगोली कला से सजाया जाए। नागरिकों को 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में भाग लेने तथा राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तस्वीरें निर्दिष्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समारोह का भव्य आयोजन पूर्ण जन भागीदारी एवं उत्साह के साथ कराया जाये। यह भी निर्देश दिये कि 8 व 9 अगस्त को सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों को तिरंगा राखी बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया जाये। डाक विभाग से समन्वय स्थापित सीमाओं पर सैनिकों व अर्द्धसैनिकों बलों को तिरंगा राखी भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। शहीद स्मारकों, अमृत सरोवर, पार्क आदि पर पुलिस व सेना के बैण्ड के माध्यम से राष्ट्रधुन का वादन कराया जा सकता है। इस बैठक के दौरान संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' अभियान 2 से 15 अगस्त के बीच तीन अलग-अलग चरणों में चलाया जाएगा। 2 से 8 अगस्त तक चलने वाले इस प्रारंभिक चरण का उद्देश्य रचनात्मक पहलों के माध्यम से जागरूकता पैदा करना है। इस चरण के तहत शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा-थीम वाली दीवारों, भित्ति चित्रों और रंगोली कला से सजाया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनियां स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएंगी। 9 से 12 अगस्त के बीच आयोजित होने वाला दूसरा चरण जन-आंदोलन और उत्सव पर केंद्रित होगा।

## 1,494 युवाओं को सीएम योगी आज देंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं के लिए चल रहा मिशन रोजगार अब रफ्तार पकड़ चुका है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार, 03 अगस्त को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1,494 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इनमें 1,374 सहायक परिचालक और 120 कर्मशाला कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष व पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया गया है। यह नियुक्ति 60,244 आरक्षियों की ऐतिहासिक भर्ती के बाद पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

## नगर विकास मंत्री ने विधान सभा परिसर का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी विधान सभा सत्र एवं स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज विधान सभा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में चल रहे जल निकासी सहित अन्य साफ-सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर विकास मंत्री ने बताया कि विधान सभा जो कि एक ऐतिहासिक भवन है इसमें और सड़क के बीच कोई ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। विधानसभा के पिछले सत्रों में परिसर के अंदर जल भराव की स्थिति देखकर नगर निगम लखनऊ को इसका पूर्ण समाधान निकालने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके पश्चात नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा मिलकर परिसर के सब तरफ नालों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया की इस वर्ष की बरसात में अब तक विधानसभा और सचिवालय परिषद में बाहर से पानी नहीं गया है और इसके कारण परिसर के अंदर जलभराव नहीं हुआ है। इस कार्य के लिए नगर विकास मंत्री ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

निरीक्षण के दौरान नगर विकास मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य स्थानों पर चल रहे निर्माण, सफाई एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि विधान सभा सत्र और स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर राजधानी की छवि स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सम्मानजनक दिखनी चाहिए।

नगर विकास मंत्री ने निरीक्षण के दौरान नालियों की नियमित सफाई एवं जल निकासी की सुचारु व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम एवं जलनिगम के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगर विकास मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत राजधानी की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार राजधानी को स्मार्ट, स्वच्छ और सुगम बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिसमें जनसहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

- **विधान सभा गेट संख्या 5-7 के आस पास जल भराव की समस्या समाप्त होने पर नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को दिया धन्यवाद**
- **जहां भी जरूरी काम हैं वहां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करें अधिकारी : ए.के. शर्मा**

# बुसान एक्सपो में प्रदर्शित होगी बोधि यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान बुद्ध की पावन स्थली उत्तर प्रदेश अब अपनी समृद्ध बौद्ध विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने जा रहा है। पर्यटन विभाग 7 से 10 अगस्त 2025 तक दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में भव्य पवेलियन के माध्यम से बोधि यात्रा और सांस्कृतिक पहचान को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित करेगा।

यह आयोजन भगवान बुद्ध की आध्यात्मिक विरासत को शांति, करुणा और ह्यधम्मह्ण के संदेश के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया के बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो-2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन के भव्य पवेलियन का उद्घाटन भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाएगा। यह विशेष पवेलियन भारत और कोरिया के बीच 2,500 वर्षों से अधिक पुराने ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों को समर्पित होगा। पवेलियन में भगवान बुद्ध के संदेश और उनकी सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, कपिलवस्तु और कौशांबी तक की यात्रा को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। वर्तमान में दक्षिण कोरिया दुनिया के शीर्ष आउटबाउंड टूरिज्म मार्केट्स में शामिल है, जहां आध्यात्मिक और वेलनेस टूरिज्म की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश की भागीदारी कोरिया सहित अन्य देशों के आध्यात्मिक पथिकों को आकर्षित करने में बड़ा कदम साबित होगा।

- **7 से 10 अगस्त तक आयोजित हो रहा बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो**
- **बुसान में बुद्ध की विरासत प्रदर्शित करेगा यूपी पर्यटन**
- **हम तथागत का संदेश दुनिया तक पहुंचा रहे : जयवीर सिंह**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश वह पावन धरती है जहां भगवान बुद्ध ने सारनाथ में प्रथम उपदेश दिया और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। राज्य सरकार बौद्ध विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश टूरिज्म बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में एक विशेष पवेलियन प्रस्तुत करेगा, जिसमें वर्चुअल तीर्थयात्रा, 3डी स्टोरीटेलिंग, सांस्कृतिक धरोहरों की झलक और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए विशेष ट्रैवल गाइडेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एक्सपो में भगवान बुद्ध से जुड़े उत्तर प्रदेश के स्थलों की समृद्ध विरासत को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो-इस वर्ष पहले से कहीं अधिक भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

# स्कूल बंद करना पीडीए समाज के खिलाफ साजिश : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश की जनता समझ गयी है कि स्कूल बंद करना दरअसल पीडीए समाज के खिलाफ भाजपा की एक बहुत बड़ी साजिश है जिससे एक तरफ पीडीए समाज के लोग पढ़ न पाएं और मानसिक रूप से भाजपा का विरोध न कर पाएं। दूसरी तरफ इन स्कूलों में बनने वाले बूथ न बन पाएं जिससे पीडीए समाज वोट न डाल सके। भाजपा का ये सामाजिक-मानसिक और राजनीतिक षडयंत्र हम कभी सफल नहीं होने देंगे। सपा का पीडीए पाठशाला का अभियान जारी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के एजेंडे में शिक्षा, नौकरी, रोजगार नहीं है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल है। शिक्षार्थी और शिक्षक सड़क पर आंदोलन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार नौजवानों का वर्तमान और भविष्य दोनों बर्बाद करने की दोषी है। इस सरकार ने देश के युवाओं



को धोखा दिया हैं। नौजवानों से हर साल दो करोड़ नौकरी और रोजगार का वादा किया था। लेकिन उसका वादा झूठा रहा। नौकरी के लिए परीक्षार्थी धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार न तो शिक्षा दे पा रही है न नौकरी। उन्होंने कहा कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के परीक्षार्थी लम्बे समय से परीक्षाओं का इंतजार कर रहे है। युवाओं का शोषण चरम पर है। इस सरकार में युवा डिलीवरी ब्वॉय बनकर रह गया है। शिक्षा विभाग में शिक्षकों के बड़ी संख्या में पद खाली है। सरकार स्कूलों की संख्या कम कर पद समाप्त करना चाहती है। अन्य विभागों में भी बड़ी संख्या में पद खाली है। भाजपा सरकार ने नौजवानों को सरकारी नौकरी देने के बजाय उन्हें आउटसोर्सिंग के जरिए काम पर लगाकर आरक्षण समाप्त करने की साजिश की है। सचमुच उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में बड़े-बड़े इन्वेस्टर समिट आयोजित हुए। लाखों नौकरियां देने का वादा किया लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ।

# दुबई पहुंचा यूपी का बिस्कुट : वाराणसी से हुआ 34 हजार किलो का निर्यात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन मे उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्योगों की स्थापना, तकनीकी उन्नयन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सब्सिडी के साथ-साथ निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का भी लाभ दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हो, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य, युवाओं को रोजगार और राज्य को निर्यात से अधिक राजस्व प्राप्त हो। यह पहल प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक ह्यनिर्यात केंद्रित राज्यह्ण के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने रफ्तार और तेज हो गयी है। उत्तर प्रदेश मे निवेशको के प्रस्ताव लगातार प्राप्त हो रहे हैं और प्राप्त प्रस्तावो औपचारिक कार्यवाही भी तेजी से हो रही है।

- **खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थो के निर्यात प्रोत्साहन पर भी दी जा रही है सब्सिडी**
- **वाराणसी से 34 हजार किलो बिस्कुट दुबई के लिये किया गया एक्सपोर्ट**
- **खाद्य प्रसंस्करण यूनिटो के नवीन प्रस्तावो के परीक्षण हेतु अप्रेजल समिति की बैठक हुयी सम्पन्न**

इस दिशा में वाराणसी से एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है, जहां से 34 हजार किलोग्राम बिस्कुट का निर्यात दुबई के लिए किया गया है। यह कदम प्रदेश के उद्यमियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है और वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की मांग को दर्शाता है। इस संबंध में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के नवीन प्रस्तावों



के परीक्षण हेतु ह्यअप्रेजल समितिह्ण की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावों के तकनीकी, वित्तीय और व्यावसायिक पहलुओं का परीक्षण कर उन्हें शीघ्र अनुमोदन देने की दिशा में निर्णय लिए गए। उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण के नवीन प्रस्तावों के परीक्षण हेतु अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी एल मीना की अध्यक्षता में शनिवार को नेशनल बटॉनिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट (एन.बी.आर.आई.) के सभाकक्ष में अप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अप्रेजल समिति के सदस्यों के अतिरिक्त प्री-अप्रेजल समिति द्वारा संस्तुत की गयी परियोजनाओं से सम्बन्धित जनपद यथा-सहारनपुर, बरेली, कानपुर नगर, मेरठ, अमरोहा, शाहजहांपुर, मथुरा, सीतापुर, अलीगढ़, झांसी, बदायूं, पीलीभीत, कुशीनगर, वाराणसी एवं बुलन्दशहर के निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अप्रेजल समिति की बैठक में सोलर पावर प्लाण्ट, बेकरी, पल्प, फूट जूस, फ्रोजन फूड, नमकीन, पिनट्स, पशु आहार, लॉलीपॉप, जैली, कैण्डी आदि से सम्बन्धित प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए कुल 23 प्रस्तावों के सापेक्ष सम्भावित निवेश रू. 132 करोड़ की 17 परियोजनाओं को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी (एस.एल.ई.सी.) के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी। अप्रेजल समिति द्वारा उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत निर्यात को प्रोत्साहन सब्सिडी श्रेणी अन्तर्गत जनपद वाराणसी के निवेशक द्वारा 34 हजार किलोग्राम बिस्कुट दुबई एक्सपोर्ट किया गया, से सम्बन्धित प्रस्ताव पर संस्तुति करते हुए अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र से अपेक्षानुरूप प्रस्ताव प्राप्त न होने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा उपस्थित अधिकारियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पूर्वान्चल क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु निवेशकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण में रोजगारोन्मुख डिजिटल कौशल का होगा विस्तार

**लखनऊ।** योगी सरकार अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आधुनिक डिजिटल दुनिया से जोड़ने जा रही है। योगी सरकार ने कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत अब एआई ड्रोन तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे रोजगारोन्मुखी व उन्नत पाठ्यक्रमों को शामिल करने की तैयारी में है। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने इस दिशा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

योगी सरकार का मानना है कि वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में यदि युवाओं को नए जमाने के डिजिटल टूल्स से लैस किया जाए तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और कृषि, सुरक्षा, प्रशासन, स्टार्टअप एवं शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में नवाचार का नेतृत्व कर सकते हैं। इससे न केवल सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के युवाओं का सशक्तीकरण होगा, बल्कि उन्हें मुख्यधारा में समाहित करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि पारंपरिक कंप्यूटर कोर्स (जैसे ड-लेवल ) के साथ-साथ ऐसे कोर्स भी युवाओं को सिखाए जाएं जो उन्हें सीधे रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ सकें।

- **अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को मिलेगा एआई, ड्रोन और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण**
- **योगी सरकार की तकनीकी पहल से ओबीसी युवाओं को मिलेंगे नये जमाने के डिजिटल टूल्स**

इसी क्रम में विभाग अब प्रशिक्षण योजना की नियमावली में संशोधन कर रहा है ताकि इसमें आधुनिक तकनीकों को सम्मिलित किया जा सके। आगे इसी के अनुरूप प्रशिक्षण केंद्रों का चयन किया जाएगा, जहां अक, ड्रोन, साइबर सुरक्षा जैसे पाठ्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किए जा सकें। साथ ही, प्रशिक्षकों को भी नए सिरे से प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे नवाचारों के अनुरूप युवाओं को मार्गदर्शन दे सकें। योगी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र युवाओं को मिले। इसके लिए भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया अनिवार्य की गई है।

साथ ही योजना की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए समयबद्ध मॉनिटरिंग और फीडबैक तंत्र को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के तहत 29,769 ओबीसी युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया, जिस पर सरकार ने 32.92 करोड़ रुपये खर्च किए। अब विभाग इस आंकड़े को और बेहतर करने के लिए अधिक उन्नत पाठ्यक्रमों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। यह कदम योगी सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत तकनीकी दक्षता को ग्रामीण और सामाजिक रूप से पिछड़े युवाओं के बीच पहुंचाकर उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा जाए।

संक्षेप

## बच्ची से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को आरोपी ने अंजाम दे डाला। पीड़ित मासूम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की साढ़े तीन वर्ष की मासूम बच्ची शुक्रवार की दोपहर करीब सवा दो बजे अकेली अपने दरवाजे पर खेल रही थी। इसी बीच गांव का एक आरोपी युवक वहां पहुंचा और बहला फुसलाकर उसे पडोस के एक घर में ले गया। आरोपी ने यहां मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसी बीच मासूम बच्ची की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर बगल से गुजर रही गांव की एक महिला वहां पहुंची तो आरोपी भाग निकला। जानकारी होने पर परिजन भी पहुंच गये। परिजन अचेत पड़ी लहूलुहान मासूम बच्ची को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गये। शनिवार सुबह होश में आने पर बच्ची ने आरोपी का नाम लिया है। मासूम बच्ची की हालत में सुधार न होने पर शनिवार को परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। प्रभारी निरीक्षक उदयपुर प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## रंजिश में हुई मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बुद्धी का पुरवा मंगापुर गांव निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र रामराज यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते एक अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे उसकी पत्नी राजकुमारी अपने खेत में मवेशी चरा रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर वहां पहुंचे रांकी निवासी शेर बहादुर सिंह उर्फ मठरू पुत्र जय सिंह ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## करंट से दो लोगों की मौत, मचा कोहराम

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से शनिवार को दो मौतों से कोहराम मच गया। लालगंज क्षेत्र में खेत में काम कर रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। वहीं उदयपुर थाना के अठेहा बाजार में फरार्टा पंखा की चपेट में आने से व्यापारी की मौत हो गयी। इन मौतों की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के गौखाड़ी धारूपुर गांव का निवासी सोनू सरोज 35 पुत्र सुभाष शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे खेत में काम कर रहा था। खेत में मवेशियों से फसल बचाने के लिए झटका करंट लगाया गया था। अचानक सोनू करंट की चपेट में आ गया। परिजन आननफानन में उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा बाजार निवासी हीरालाल गुप्ता 55 पुत्र लल्लू गुप्ता की भी करंट से चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक हीरालाल शनिवार की सुबह चार बजे सोकर उठा। वह फरार्टा पंखा बंद करने लगा तो उसके ऊपर पंखा गिर गया। चीख सुनकर परिजन पहुंचे और किसी तरह पंखे का तार निकाला। परिजन इलाज के लिए उसे सांगीपुर अस्पताल ले गये। यहां डाक्टरों ने हीरालाल को मृत घोषित कर दिया।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई विद्युत विभाग की समीक्षा



**सिद्धार्थनगर।** सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा जनपद में आरडीएसएस योजना एवं विजनेस प्लान के कार्यो की समीक्षा की गयी। सांसद ने अधी.अभि. विद्युत से जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये प्रस्ताव को विजनेस प्लान में शामिल किया गया तथा जो नहीं शामिल किया गया वह किस कारण से नहीं किया गया उसकी जानकारी उपलब्ध करायें। 2023-24, 2024-25 में आरडीएसएस एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत कराये गये कार्यो एवं आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की जानकारी उपलब्ध करायें। सांसद ने आवंटित बजट एवं व्यय की धनराशि को बुकलेट में लाख/करोड़ में है लिखने का निर्देश दिया। आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत जो मजरे विद्युतीकरण से छूट गये हैं खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से जानकारी लेकर उसकी सूची उपलब्ध कराये जिससे उन मजरों का विद्युतीकरण कराने के लिए शासन से बजट आवंटित कराया जा सके। उक्त अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता विद्युत अजय कुमार, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत, एसडीओ, जे0ई0 व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## झोलाछाप ने पिलायी एक्सपायरी दवा

**सिद्धार्थनगर।** एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से दो दिन के नवजात शिशु की मौत हो गई। शनिवार शाम को कोड़रा ग्रांट ग्राम पंचायत के सेखोनिया चौराहे पर यह दुखद घटना हुई। बुकनिहा खालसा गांव थाना चिल्हिया निवासी रामबहादुर के नवजात बेटे को हल्का बुखार था। परिजनों ने पास के एक झोलाछाप डॉक्टर को घर पर बुलाया। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना किसी परीक्षण के बच्चे को एक्सपायर और गलत दवा पिला दी। दवा पिलाने के कुछ ही मिनटों में बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो गया।

## तहसील समाधान दिवस संपन्न


**सिद्धार्थनगर।** जनपद के तहसील डुमरियागंज में डीएम डॉ. राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई डीएम, एसडीएमडुमरियागंज राजेश कुमार तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई एसपी डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। डीएम ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। डीएम ने तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज.में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजी आरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

## बीस वर्ष से रोजी-रोटी के लिए संघर्षरत हैं, लाखों वित विहीन शिक्षक

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** वित्त विहीन शिक्षक महासभा उप्र के तत्वावधान में जनपद स्तरीय वित्त विहीन शिक्षक जागरूकता बैठक का आयोजन शनिवार को आदर्श विद्या इंटर कालेज बांसी में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वित्त विहीन शिक्षक महासभा उप्रके प्रधान महासचिव जियारत हुसैन ने कहा शिक्षा व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। न्यायालय, सड़क एवं सरकार से निरंतर वित्त विहीन शिक्षकों की लडाई लड़ रहा हूं, तीन लाख शिक्षकों का आशीर्वाद मेरे साथ है। आनलाइन उपस्थित के आधार पर भविष्य में सरकार वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय देगी। सरकार वित्त शिक्षकों को मानदेय देने के लिए प्रतिबद्ध है।हम चुनाव व माला पहनने पर विश्वास नहीं करते हैं। सभी प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यो से अनुरोध है कि शिक्षक का आनलाइन डाटा समयानुसार उपलब्ध करायें। प्रदेश महासचिव देशबंधु शुक्ल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाई जियारत हुसैन के संघर्ष से आप को मानदेय मिलने की आशा जगी है।

# बिहार में 65 लाख मतदाताओं का नाम हटाना लोकतंत्र पर आक्रमण

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने संसद की कार्रवाई में अर्धसैनिक बलों के सदन में पहुंचने को बताया भाजपा की तानाशाही



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पैंसठ लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने को चिंताजनक कहा है। उन्होने आरोप लगाया है कि बिहार में भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर मतदाताओं का नाम हटाया जाना लोकतंत्र पर आक्रमण है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह भी आरोप जड़ा है कि काटे गये नाम ज्यादातर विपक्षी दलों के परम्परागत वोट हैं। उन्होने कहा कि मतदाता सूची से आयोग द्वारा पिछड़े व दलित तथा कमजोर सवर्ण तबके के नाम जानबूझकर हटा दिये गये हैं। उन्होने कहा कि आयोग द्वारा जिस प्रकार से विपक्षी दलों के परम्परागत लाखों वोट काटे गये हैं उससे आयोग की भूमिका विश्वसनीय नही रह गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में दो से चार या दस पांच हजार की हार जीत का अंतर हुआ करता है वहां पैंसठ लाख वोट कटने से जनादेश का अपमान होगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी जदएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को विशेष अदालत द्वारा दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराये जाने को भाजपा के बेटी बचाओं तथा बेटी पढ़ाओ के नारे के लिए शर्मनाक कहा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रेवन्ना को दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया जाना भाजपा के चाल चरित्र व चेहरे को बेनकाब कर गया है। वहीं प्रमोद तिवारी ने संसद सत्र में सदन के भीतर अर्धसैनिक बलों के द्वारा सांसदों को नियंत्रित करने की कार्रवाई को संसदीय मयार्दा एवं परम्परा के लिए कुठाराघात कहा है। उन्होने कहा कि नियम है कि संसद के किसी भी सदन में पुलिस तक प्रवेश नही कर सकती। उन्होने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में संगीनों के साये में इस प्रकार का कदम भाजपा की तानाशाही की पराकाष्ठा है। उन्होने सवाल उठाया है कि क्या संसद की कार्रवाई सशस्त्र बल के बूते संचालित करायी जाएगी। प्रमोद तिवारी का बयान शनिवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# 269 शिकायतों में 18 का हुआ निस्तारण



**प्रतापगढ़।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर में जलभराव के चलते लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। समाधान दिवस में दो सौ उन्हत्तर शिकायतें आयी। इनमें से अफसरों ने अठारह शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की एक सौ पैतीस, पुलिस इक्सठ, विकास विभाग उन्नीस, समाज कल्याण छः, बेसिक शिक्षा तीन, विद्युत बारह, आपूर्ति विभाग चौबीस व अन्य नौ रहीं। सुबह से हुई तेज बारिश के कारण तहसील परिसर में चारो तरफ जलभराव हो उठा। इसकी सूचना मातहतो ने जिला मुख्यालय भेजवायी। इधर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी इंद्र प्रताप व नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र को मोटर के जरिए पाइप से लगाकर परिसर का पानी बाहर निकाले जाने में मशक्कत करते देखा गया। वहीं सभागार से लगे बरामदे में तहसीलदार गरिमा वर्मा कर्मचारियों के साथ एकत्रित पानी को हटवाने में लगी दिखी। जानकारी मिलने पर डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी डा0 अनिल कुमार पूर्व निर्धारित रोस्टर की जगह अन्यत्र तहसील में फरियादियों को सुनने जा पहुंचे। हालांकि बारिश और जलभराव के बावजूद भी फरियादियों की संख्या इतनी बढ़ गयी कि समाधान दिवस के निर्धारित समय के बाद भी अफसरों को कतार में लगे फरियादियों की सुनवाई करते देखा गया। फरियादियों को इस बात की निराशा जरूर हुई कि वह अपनी व्यथा डीएम व एसपी को नहीं सुना सके। परिसर में जलभराव से अफसरो को अपने वाहनों से सभागार पहुंचते देखा गया। वहीं फरियादी गांठ भर पानी में मशक्कत करते सभागार पहुंचते दिखे। परिसर में जलभराव को लेकर वकीलों में भी गुस्सा देखा गया। वकीलों के विरोध की आशंका में डीएम सम्भवतः समाधान दिवस में आना मुनासिब नहीं समझा। दोपहर करीब बारह बजे जिला स्तरीय अधिकारियों को डीएम के अन्यत्र समाधान दिवस में होने की जानकारी मिली तो वह आननफानन में यहां से निकल लिये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई की। जगन्नाथपुर के पूरे मीतन निवासी पवन कुमार ने शिकायती पत्र देकर बिजली विभाग की शिकायतों पर अफसरों के द्वारा सुनवाई न करने की बात कही। एसडीएम ने एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिये। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने तहसील परिसर में आये दिन हो रहे जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई। इस मौके पर तहसीलदार गरिमा वर्मा, ईओ इंद्र प्रताप, लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, जेठवारा प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी मौजूद रहे।

# पीएम ने भेजी किसान योजना की 20वीं किस्त



- 9.7 करोड़ किसानों के खातों में 20,500 करोड़ की राशि सीधे ट्रांसफर की गयी

जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री ने शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का शुभारम्भ किया। इस दौरान देशभर के 9.7 करोड़ किसानों के खातों में 20,500 करोड़ की राशि सीधे ट्रांसफर की गई।

श्रावस्ती जनपद में इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, जिसका शुभारम्भ विधायक रामफेरन पांडेय, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, डीएम अजय कुमार द्विवेदी तथा एसपी घनश्याम चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व किसान भाइयों ने प्रधानमंत्री जी का लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर जनपद श्रावस्ती के 1,65,038 किसानों के बैंक खातों में 33 करोड़ 76 हजार की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष भर में ?6,000 की सहायता तीन किश्तों में दी जाती है। यह राशि सीधे उनके खातों में भेजी जाती है जिससे वे बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा कर पाते हैं। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र, अपर जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार, कृषि वैज्ञानिकगण, अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सीताद्वार मंदिर का निरीक्षण



**श्रावस्ती।** कांवड़ यात्रा के क्रम में गिलौला से कांवरियों का दल सीताद्वार मंदिर में रात्रि विश्राम के उपरांत अगले दिन पृथ्वीनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। कांवरियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लेने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम द्वारा शुक्रवार को सीताद्वार मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, रात्रि विश्राम स्थल, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्राथमिक उपचार तथा यातायात प्रबंधन की समग्र समीक्षा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कांवरियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस बल की तैनाती, मार्ग डायवर्जन और भीड़ नियंत्रण से संबंधित तैयारियों का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान, थानाध्यक्ष इकौना अखिलेश कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

संख्याः 242/D/ZO-1 — **जोन-1** — दिनांकः 29/07/2025

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | सर्वश्री दर्ज भवन स्वामी का नाम | सर्वश्री प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | गोलागंज | | |
| 1 | 177/056, 58/2 | नीरज नरूआ | आजाद बुक डिपो प्रालि0 | रजिस्ट्री |
| 2 | 165/151/40/1 हाता फकीर मो0 | जमीरूद्दीन सिद्दीकी | महबूब अहमद | रजिस्ट्री |
| 3 | 174/074/1 | कल्पना बनर्जी | द्वारिका नाथ बनर्जी एवं जूली भट्टाचार्या | मृत्यु |
| 4 | 164/108 गोलागंज | अकबर अली | अख्तरुनिशां वाहजद अली साजिद अली | मृत्यु |
| 5 | 178/0145/एफएफ-104 गोलागंज | गोल्डेन अपार्टमेन्ट | जरीना फातिमा | रजिस्ट्री |
| 6 | 178/145/टीएफ-304 गोलागंज | गोल्डेन अपार्टमेन्ट | कमरूल हसन | रजिस्ट्री |
| | | मशकगंज-वजीरगंज | | |
| 7 | 192/0130/1 न्यू बस्ती | बेला देवी व गीता देवी | सुहैल व इलमा बानों | रजिस्ट्री |
| 8 | 202ए/178(202ए/158) जवाहर नगर | मो0 इशहाक | अब्दुल सजार | वसीयत |
| 9 | 193/114(193/096) गौसगंज | जमीरूल हसन | कनीज फातिमा | रजिस्ट्री |
| 10 | 181/107/ए(181/07) खेमे दो जान | मो0 नफीस शमीम फातिमा व जरीना बेगम | रेशमा | रजिस्ट्री |
| | | रानी लक्ष्मी बाई | | |
| 11 | 172/183(172/166) | अफजल हुसैन सिद्दीकी | सईदा बानों उर्फ सईदा खुर्रशी | रजिस्ट्री |
| 12 | 133/047(113/026) | सतीश चन्द्र | अरूण रस्तोगी अमित रस्तोगी असित रस्तोगी अभय रस्तोगी | मृत्यु |
| 13 | 113/041(113/022) | संगीता अहूजा | संजय आहुजा | रजिस्ट्री |
| 14 | 113/49/2जी(113/25) | आनन्द कृष्ण अग्रवाल व योगेश कृष्ण अग्रवाल | दिनंश कुमार रस्तोगी व मुकेश रस्तोगी | मृत्यु |
| | | हजरतगंज-रामतीर्थ | | |
| 15 | 28/0288जी अशोक मार्ग | राजेन्द्र कुमार अग्रवाल | मोहित अग्रवाल | वसीयत |
| 16 | 28/028जी-1 अशोक मार्ग | राजेन्द्र कुमार अग्रवाल | मोहित अग्रवाल | वसीयत |
| 17 | 41/250(41/211) नरही | अमित श्रीवास्तव | सूबिया वारसी | रजिस्ट्री |
| 18 | 36/006/4 एफ/2सीसी सप्रू मार्ग | रविन्दर सिंह | विनोद अरोड़ा व रेनू अरोड़ा | रजिस्ट्री |
| 19 | 28/021/305ए अशोक मार्ग | प्रमोद कुमार | स्वाति जेटली व रूपेश जेटली | रजिस्ट्री |
| 20 | 38/22/401 मीरा बाई मार्ग | अरून शर्मा | वरून लाम्बा व खुश्बू लाम्बा | रजिस्ट्री |
| 21 | 31/42/एसएफ(31ए/2) एम जी मार्ग | जोगिन्दर पाल सूरी | अमन सूरी व साकेत सूरी | मृत्यु |
| 22 | 19/2/बी-3(11/एफएन-3) पार्क रोड | गुरूमुख सिंह अरोरा | कुलदीप रेखी व परमिन्दर कुमार नन्दा | रजिस्ट्री |
| 23 | 19/70(19/16ए) पार्क रोड बोथ साइड | पदमावती मिश्रा | अपूर्व नाथ मिश्रा | मृत्यु |
| 24 | 31/42(31ए. 2) महात्मा गांधी मार्ग | जोगिन्दर पाल अमन व साकेत सूरी | अमन सूरी व साकेत सूरी | मृत्यु |
| 25 | 28/21/जी30-31 अशोक मार्ग | भरत पाण्डेय | मोनल पाण्डेय | दान-विलेख |
| 26 | 44/011(44/026) हजरतगंज बाजार | प्रेम चन्द्र केसरवानी सुनील केसरवानी | सुमिता केसरवानी | मा0 न्यायालय का आदेश |
| 27 | 34/004/जीएफ/डी-5 लारेन्स टैरेन्स | अजय कुसुम सहाय | संगीता अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 28 | 43/045(43/119) नवल किशोर रोड | संजय मोहन दयाल अजय दयाल अक्षय दयाल | संजय मोनि दयाल शालिनी दयाल अक्षय दयाल | मृत्यु |
| | | लाल कुआं | | |
| 29 | 68/280(68/201) | शंकर दयाल शर्मा | शिवानी | दान-विलेख |
| 30 | 67/109/22(78) | नम्रता त्रिवेदी | मीनू | रजिस्ट्री |
| 31 | 63/010/20बी | राकेश बहुगुणा | मोनिका अग्रवाल व विपिन अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 32 | 85/059(85/044) | श्यामा देवी | मनोज शर्मा सविता शर्मा | गिफ्ट डीड |
| | | बाबू बनारसी दास | | |
| 33 | 61/063(61/055) हाता ख्वाजा गौहर | मुज्जमीत सिदीकी | मो0 तसनीफ खां | रजिस्ट्री |
| 34 | 48/056, 57(48/31) | पदमा शर्मा | अनिरूद्ध सिंह | मृत्यु |
| 35 | 54/094(54/076) वीर नगर | पवन पंकज प्रभात व कमला | बनारसी लाल | रजिस्ट्री |
| 36 | 55/040(55/016) छितवापुर भुइयन | महेश प्रसाद शुक्ला | शबीना खान | रजिस्ट्री |
| | | नजरबाग-यदुनाथ सान्याल | | |
| 37 | 107/089/एसएफ-201(36/5च) बाइसी की मस्जिद | अहसान उर रहमान | असफिया अहसान | दान-विलेख |
| 38 | 88/101(88/086) जुरियन टोला | राम किशोर जायसवाल | मनोज जायसवाल | वसीयत |
| 39 | 110/022/एलजीएफ-2ए(110/3-4, 4बी) | शशी रानी | अजय कुमार जायसवाल | वसीयत |
| 40 | 86/148(86/111) कुर्मी टोला | पी0के0 भट्ट व अन्य | विजय कुमार अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल व आकर्ष अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| | | राम मोहन राय | | |
| 41 | 26/203 वजीर हसन रोड | जगनजी क्षत्राय | आरती देवी | मृत्यु |
| 42 | 26/044/26 एस4 वजीर हसन रोड | अनिल कुमार | अरूणा मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 43 | 22/038/116 मदन मोहन मालवीय मार्ग | सुधा तिवारी | शीला पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 44 | 26/094/304-टीएफ/ए-बी वजीर हसन रोड | सबीहा नाज | ब्रिजेश कुमार शुक्ला व नीलम शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 45 | 26/097/एसएफ-4(26/097/10) वजीर हसन रोड | कैसर कंस्ट्रक्शन | ब्रिजेश कुमार शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 46 | 26/094/604 वजीर हसन रोड | हीना निहाल | ब्रिजेश कुमार शुक्ला व नीलम शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 47 | 25/084/201 लाजपत राय मार्ग | इन्दिरा सिंह | सैयद फराज शेर | रजिस्ट्री |
| 48 | 25/084/बी-102 लाजपत राय मार्ग | हिमांशु सिंह | शिवानी सरीन व मनीष सरीन | रजिस्ट्री |
| 49 | 25/084/104 लाजपत राय मार्ग | ऋतु जैन | शिवानी सरीन व मनीष सरीन | रजिस्ट्री |
| 50 | 25/084/103 लाजपत राय मार्ग | मिनी बक्शी व अरल बक्शी | शिवानी सरीन व मनीष सरीन | रजिस्ट्री |
| | | बशीरतगंज-गणेशगंज | | |
| 51 | 134/296 बशीरतगंज | अशोक कुमार अवस्थी | आलोक कुमार अवस्थी | मृत्यु |
| 52 | 134/452 बशीरतगंज | अनिल कुमार | पूनम साहू | रजिस्ट्री |
| 53 | 133/231/89 अमीनाबाद रोड | ओम प्रकाश | पंकज गुलाटी | वसीयत |
| 54 | 133/276 एसएन-13-18 अमीनाबाद रोड | उमा अग्रवाल | विपुल अग्रवाल | मा0 न्यायालय का आदेश |
| 55 | 133/276 एसएन-1-4, 8-12 जीएफ अमीनाबाद | उमा अग्रवाल | विपुल अग्रवाल | मृत्यु |
| 56 | 133276 एसएन-21 अमीनाबाद रोड | उमा अग्रवाल | विपुल अग्रवाल | मृत्यु |
| 57 | 133/276 एसएन-19, 20 अमीनाबाद रोड | उमा अग्रवाल | विपुल अग्रवाल | मृत्यु |
| 58 | 133/276 एसएन-12 बीएम अमीनाबाद रोड | तेज राम अग्रवाल | विपुल अग्रवाल | मृत्यु |
| 59 | 133/276 एसएन-14 जीएफ अमीनाबाद रोड | सुनीता कपूर | विपुल अग्रवाल | मृत्यु |
| 60 | 215/390 व 134/58 सुभाष मार्ग | दाऊजी गुप्ता व देवेश गुप्ता व आशुतोष गुप्ता | पदमेश गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, वर्तिका गुप्ता, प्रेमलता गप्ता, वैभव गुप्ता, अपूर्वा गुप्ता, शशी गुप्ता आदि | मृत्यु |
| | | जे0सी0 बोस | | |
| 61 | 32/20/एसएफ-219 बाल्मीकी मार्ग | संगीता निगम | राजीव सिंह | रजिस्ट्री |
| 62 | 118/155ए कैण्ट रोड | सुशील कुमार सेठ | प्रभा सेठ | वसीयत |
| 63 | 116/124/5/टीएफ-4 घसियारी मण्डी | सोफिया अलीम सिद्दीकी | सरवन कुमार | रजिस्ट्री |
| 64 | 119/035/एफएन-303(119/54/9) कन्धारी बाजार | रायल अपार्टमेण्ट | आयशा असलम | रजिस्ट्री |
| 65 | 119/35/एफएन-401)119/54/19) कन्धारी बाजार | रायल अपार्टमेण्ट | इरम खान | रजिस्ट्री |
| 66 | 129/007/एसएफ-215 बाला कदर रोड | एन मालिक | अजीम अहमद | रजिस्ट्री |
| 67 | 129/007/टीएफ-309 बालाकदर रोड | प्रतीक कुमार व अपर्णा सिंह | अजीम अहमद | रजिस्ट्री |
| | | मौलवीगंज | | |
| 68 | 157/074(157/071) गौसनगर | प्रेम चन्द्र श्रीवास्तव | शारिक | रजिस्ट्री |
| | | महात्मा गांधी-विक्रमादित्य | | |
| 69 | 13/070/एफ-1 कबीर मार्ग | देवेन्द्र कुमार | अनीता बेदी | रजिस्ट्री |
| 70 | 6/एसएफ-205ए(6/020) | सैफ अहमद | आनन्द प्रसाद गुप्ता व साधना गुप्ता | रजिस्ट्री |
| 71 | 14डी/1/17(14/240) | लालता प्रसाद | राधे श्याम शर्मा | वसीयत |
| 72 | 12/174-ए/10(081ए/10) | रमेश कृपलानी | प्रिया गुप्ता | रजिस्ट्री |

**जोनल अधिकारी, जोन-1**

संक्षेप

## बच्चों को जल स्रोतों से दूर रखें: एडीएम

शाहजहांपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को तालाब, पोखर व नदी में नहाने से रोकें। उन्होंने कहा कि डूबने की घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे में सावधानी जरूरी है। एडीएम ने नाव यात्रा में सुरक्षा निर्देशों जैसे लाइफ जैकेट पहनने, जर्जर नाव से बचने और गहरे जल में न जाने की सलाह दी। साथ ही डूबते व्यक्ति को बचाने और सीपीआर देने संबंधी उपाय भी बताए।

## कार की टक्कर से बाइक सवार कांवड़िया जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे पर गांव ककरौआ मोड पर बाइक सवार कांवड़ियों को कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी हालत में दोनों को इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदी में भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच के दौरान दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया आरोपी कर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला है। हाईवे पर ककरौआ मोड़ के पास 4 बजे करीब एक बाइक पर आदेश पुत्र ओंमकार निवासी भरेटा थाना कांट शाहजहांपुर पीछे नन्हू पुत्र रजनीश को बैठाकर गोला कांवड चढ़ाने जा रहे थे मोहम्मदी की ओर से आ रही कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी हालत में दोनों को इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच के दौरान दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस ने घायलों के पास मिले दस्तावेज पर परिजनों को सूचना दी है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू की है।

## गायब किशोरियां सकुशल बरामद

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव ऐनुआ मजरा पालचक में एक साथ पांच किशोरियां खेत पर घास काटने गई थी अचानक तीन किशोरियों के लापता हो जाने की सूचना दो सहेलियों ने गांव बालों को देने पर हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग सेआनंन-फानन खेतों में सर्च अभियान चलाकर लंबी दूरी पर एक गन्ना के खेत से सकुशल बरामद कर पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार शनिवार 3 बजे करीब गांव से 5 किशोरी घास काटने खेतों पर गई थी। अचानक तीन किशोरियों के लापता हो जाने पर भाग कर दोनों ने घटना की सूचना गांव में दी जिससे गांव वालों से पुलिस को सूचना मिलते ही हाथ पैर फूल गए आनन-फानन में निरीक्षक इंद्रजीत सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से सर्च अभियान चलाया कड़ी मशक्कत के बाद गांव से लंबी दूरी पर एक गन्ना के खेत से सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरियों ने बताया अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत के अंदर बंधक बना लिया था जिसकी सूचना गांव तक पहुंच जाने पर घबराकर आरोपी भाग निकला है। पुलिस किशोरियों के बयान पर आरोपी की तलाश में जुटी है। गांव वाले दिनदहाड़े अपहरण की घटना से दहशत में आ गए हैं। निरीक्षक के अनुसार घटना संदिग्ध लग रही है बरामद किशोरियों से पूछताछ की जा रही है।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर



लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और किट सौंपे।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 69 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की 17, विकास विभाग की 07, नगर निकाय की 05, आपूर्ति विभाग की 06, विद्युत और कृषि विभाग की 04-04 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह तहसीलदार दिलीप कुमार सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चयनित पांच लाभार्थियों को पक्के घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। वहीं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पांच महिलाओं को ?5000-?5000 की धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान मंच पर पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह और तहसीलदार दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे। योजनाओं का लाभ पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## जिले की सभी तहसीलों में हुआ हरिसंकरी का रोपण

लखीमपुर खीरी। जिले में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित हरिशंकरी पौधारोपण अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला। शनिवार को तहसील लखीमपुर परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने लोक भारती के पदाधिकारियों व पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे रोपे।



इस अवसर पर डीएम ने सभी नागरिकों से अधिकाधिक पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने की अपील करते हुए कहा कि हरिशंकरी वृक्षों का समूह भारतीय संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और स्वास्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लोक भारती के प्रयासों और पर्यावरण मित्रों के योगदान की सराहना भी की। पौधारोपण कार्यक्रम में एसडीएम सदर अंजनी कुमार सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख डॉ. राम नरेश शर्मा, लोकभारती जिला संयोजक अतुल रस्तोगी, हरिशंकरी अभियान के जिला संयोजक मानवेंद्र सिंह ह्यांसंयज्ञ, सह संयोजक राममोहन गुप्त, विशाल सेठ, मयूरी नागर, नगर संयोजक सीमा गुप्ता, अनुश्री गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, सुमन श्रीवास्तव, कुसुम गुप्ता सहित पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि और अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। जिले की सभी सात तहसीलों में भी यह अभियान एक साथ संचालित हुआ, जहां लोक भारती के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उप जिलाधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने हरिशंकरी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा नया बस अड्डा

शाहजहांपुर। एनएच-30 स्थित अहमदपुर-नियाजपुर के पास बने नवनिर्मित सेटेलाइट बस अड्डे का नाम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की जिलास्तरीय समिति ने सर्वसम्मति से सहमति दी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की



अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि इससे जनता को लोकमाता के राष्ट्र निर्माण में योगदान को समझने का अवसर मिलेगा और यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## 9 से 15 अगस्त तक होंगे विविध कार्यक्रम

शाहजहांपुर। काकोरी कांड के अमर शहीदों की धरती शाहजहांपुर में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने अधिकारियों व सामाजिक संगठनों से सुझाव लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार ने 15 अगस्त के कार्यक्रमों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। बताया गया कि 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने और स्वतंत्रता दिवस को उत्साह, भव्यता और राष्ट्रप्रेम के साथ मनाने के निर्देश दिए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सिर्फ चार शिकायत निस्तारित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 43 शिकायतें आई। जिनमें मौके पर सिर्फ चार शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। तहसील सभागार में एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग की 18, पुलिस विभाग 09, खाद्य एवं रसद विभाग 06, संयुक्त जांच हेतु 05, ग्राम्य विकास विभाग 02, विद्युत विभाग, कृषि विभाग व नगर विकास विभाग की एक-एक शिकायत दर्ज की गई। इस मौके पर तहसीलदार भीम चंद, सीओ शिवम कुमार, नायब तहीलदार सर्वेश यादव, भानुप्रताप आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम सभागार का महापौर ने किया उद्घाटन



शाहजहाँपुर। आज देर शाम नगर निगम के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन महापौर अर्चना वर्मा ने किया। उद्घाटन समारोह में नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह और पार्षदगण मौजूद रहे। इसके बाद हुई कार्यकारिणी बैठक में जीआईएस सर्वे पर प्रस्तुति दी गई और टैक्स प्रणाली को पारदर्शी बनाने, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुधारने, व निगम का स्वंय का सॉफ्टवेयर विकसित करने पर चर्चा हुई। महापौर ने नई बायलॉज तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य सहित कई पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया दुकानों का निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शनिवार को बाबा भूतनाथ मेले के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर के पास विशेष अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विश्राम रावत के नेतृत्व में टीम ने मंदिर के पास प्रसाद बेचने वाली दुकानों की सघन जांच की।

निरीक्षण के दौरान प्रसाद की गुणवत्ता, साफ-सफाई, हाइजीनिक तैयारी और स्टोरेज जैसी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। डॉ. रावत ने दुकानदारों को साफ निर्देश दिए कि वे केवल शुद्ध, ताजा और स्वच्छ प्रसाद ही श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि सावन में शिवभक्तों की आस्था सर्वोच्च होती है, लेकिन उसके साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रसाद पूरी तरह सुरक्षित और मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

टीम ने मौके पर कुछ दुकानदारों को सुधारात्मक सुझाव दिए और साफ-सफाई में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

## घर के बाहर पानी का मोटर खोलते दो को दबोचा, पुलिस को सौंपा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) क्षेत्र के ग्राम भुसौरिया में शुक्रवार की रात कुछ चोरों ने घर के बाहर पानी का मोटर खोलने का प्रयास किया। जिनमें दो युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले भी कर दिया गया है। घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है।

ग्राम भूसौरिया निवासी शकुन्तला देवी ने बताया कि घर के बाहर पानी का मोटर लगा है।रात में खटपट की आवाज आ रही थीं। शकुन्तला देवी ने खिड़की से झाँककर देखा तो कुछ लोग पानी की मोटर से छेड़छाड़ कर रहे थे।जिस पर उसने अपने परिवार के सदस्यों को जगाया तभी युवक मौके से भागने लगे, लेकिन मोहल्लेवासियों के सहयोग से दो चोरों को पकड़ लिया। फिर डायल 112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को थाना ले गई। चोरी की गई मोटर को पास के ही बगिया से बरामद कर लिया गया है।

## फुटबॉल क्लस्टर -4 टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखायी अपनी प्रतिभा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में फुटबॉल क्लस्टर -4 टूर्नामेंट के दूसरे दिन कई रोमांचक मैच हुये। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के खेल के मैदान में चल रहे फुटबॉल क्लस्टर -4 टूर्नामेंट का शुभारम्भ हॉकी खिलाड़ी विश्वनाथ सिंह, विद्यालय के विधिक सलाहकार राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र और उप प्रधानाचार्या साफिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैचों में अण्डर 17 वर्ग में फातिमा स्कूल गोण्डा ने पूरन चंद कानपुर की टीम को 1-0 से मात दी। विद्या ज्ञान सीतापुर की टीम ने एसके डी वृंदावन लखनऊ की टीम को 4-0 से शिकस्त दी। एल्पिस ग्लोबल बिसवां की टीम ने जयपुरिया बाराबंकी की टीम को 5-0 से हराया। जी डी गोयनका सीतापुर की टीम ने अजमानी लखीमपुर की टीम को 2-0 से हराया। फातिमा स्कूल गोण्डा की टीम ने एपी.एस कानपुर की टीम को रोमांचक मैच में पैनाल्टी शूट के द्वारा 2-1 से शिकस्त दी। जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ की टीम ने जीडी गोयनका लखनऊ की टीम को 3-0 से हराया। सेंट जेवियर्स गोण्डा की टीम ने कुंस कैप्स कोलन लखनऊ की टीम को 6-0 से हराया। अण्डर-19 वर्ग में डी पी एस आजादनगर की टीम ने जयपुरिया हरदोई की टीम को 2-1 से शिकस्त दी। वर्षा की रिमझिम फुहारों के मध्य उपस्थित खेल प्रेमियों और दर्शकों को कई रोमांचक मैच देखने का अवसर प्राप्त हुआ। यह टूर्नामेंट श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के खेल के मैदान और श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में एक साथ खेल जा रहे हैं। विद्यालय प्रबंध निदेशक/विधायक अमन गिरि ने बाहर से आयी टीमों के ठहरने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और प्रबंध में लगे शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उनकी सुख सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाये। कमेंट्रेटर का दायित्व रोहित शुक्ला और संगम गुप्ता ने संयुक्त रूप से संभाला। इस मौके पर विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि विद्यालय निदेशक मोहित पुरी, डा० विकास गिरि, धर्मेन्द्र गिरि, अजय गिरि सफल्लू, के०के० शुक्ल, केशव अग्रवाल, विजय सिंह चौहान, विजय मिश्रा मंचासीन रहे।

## रंजिशन मारपीट में दो पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एक व्यक्ति ने दो लोगों पर रंजिशन मारपीट का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली सदर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी अजीमुद्दीन अंसारी पुत्र मोहीउद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार को वह शहर के केडिया फार्म स्थित अपनी बहन सोफिया पत्नी मो0 इस्लाम के यहां आया हुआ था। इसी दौरान शहरान व जीशान पुत्रगण इस्लाम उसका कालर पकड़कर गाली गलौज करने लगे। बीच बचाव करने आई उसकी बहन सोफिया की नाम पर प्रहार कर घायल कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर मारपीट करने आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम दलेलनगर निवासी रानी देवी पत्नी राजेन्द्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी अनमोल उसके घर में गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने मारपीट की। जिससे उसके कान का कुण्डल टूटकर गिर गया। महिला का कहना कि उक्त युवक लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है।


## कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

पत्रांक : 367/ई-नि.सू./जि.पं.बह./2025-26 दिनांक : 25 जुलाई, 2025

:- ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-

जिला पंचायत बहराइच द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2025-26 की 33 परियोजनाओं पर तथा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि की 2 परियाजनाएं इस प्रकार कुल 35 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा सूचना कार्यालय पत्रांक 366/ई-नि.सू./ जि.पं.बह. /2025-26 दिनांक 25 जुलाई 2025 निर्गत है। जिसके अन्तर्गत जिला पंचायत बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में ई-निविदाएं https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| ई-निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि व समय | ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 07.08.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से | दिनांक 18.08.2025 को अपरान्ह 5.00 बजे तक | दिनांक 19.08.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से |


**निविदा की मुख्य शर्ते :-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य बिड कैपेसिटी (Bid Capacity) तथा अन्य विभागों में प्राप्त/चालू कार्यों का विवरण नोटरी शपथ पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि पृथक पृथक NEFT/RTGS के माध्यम से आर्यावर्त बैंक शाखा-सिविल लाइन, बहराइच के खाता संख्या 613510100000206 IFSC कोड BKIDOARYAGB में जमा उपरान्त प्राप्त ट्रान्जेक्शन नम्बर को निविदा के साथ अपलोड किया जा सकता है, अथवा निविदा शुल्क की पृथक पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर०/टी०डी०आर० जो राष्ट्रीयकृत/शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र (एन०एस०सी०) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र 5 से जमा की जा सकती है।
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन (जो निविदा खुलने की तिथि में वैध हो) का चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र (टी-6), पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से अपलोड किया जायेगा ।
4. शासनादेश संख्या 1791/33-26-2020 198जी /2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय विड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) तथा निविदा के साथ अपलोड समस्त अभिलेख आदि मूल रूप से अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे । अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जा सकती है।
5. शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2आडिट/08टी.सी. 2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारन्टी जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। समस्त निविदादाताओं/ठेकेदारों को निर्गत आदेश कार्यालय-ज्ञाप संख्या 459/ जि.पं./नि.अनु./2024 25 दिनांक 06 नवम्बर, 2024 का अनुपालन किया जायेगा। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी ।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय का प्रथम ठेकेदार की जमानत, स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी ।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बहराइच**


## कृषि विज्ञान केंद्र पर पीएम का सजीव प्रसारण




लखीमपुर खीरी। विज्ञान केंद्र मंझरा फार्म में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के हस्तांतरण का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर, योगेश वर्मा, विधायक धौरहरा, विनोद शंकर अवस्थी उपस्थित रहे। अध्यक्ष किसान मोर्चा अंकित अवस्थी उप निदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने कृषि योजनाओं की किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ राकेश कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम सभी कृषक का स्वागत किया। केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख द्वारा पशुओं व फसलों की समुचित देखभाल के बारे में कृषकों से परिचर्चा की गई। पादप संरक्षण विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक कुमार पांडे द्वारा पर ड्रॉप मोर क्रापर के तहत सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों को प्रेरित किया गया।

उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र द्वारा उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती एवं फसल बीमा योजना की जानकारी दी गयी और यह भी बताया गया की फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक कृषक भाई योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। किसान सम्मान निधि वितरण समारोह के सजीव प्रसारण में उपस्थित कृषकों द्वारा यह स्वीकारोक्ति की गई कि अभी-अभी उनके खाते में रुपए 2000 किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं। समारोह में 238 कृषकों (178 पुरुष, 60 महिला) द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद के समस्त 15 विकासखंड कार्यालयों के सभागार में आयोजित सजीव प्रसारण कार्यक्रम में 1586 कृषकों (1325 पुरुष व 261 महिला) द्वारा प्रतिभाग किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित सजीव प्रसारण में 39581 कृषकों (28554 पुरुष व 11027 महिला) द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मोदी की किसान सम्मान निधि की किस्त का देखा लाइव प्रसारण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का सजीव प्रसारण विधायक अमन गिरि की मौजूदगी में कुम्भी ब्लॉक सभागार में देखा गया। शनिवार को बनारस में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस समारोह का सीधा प्रसारण विधायक अमन गिरि ने कुम्भी ब्लॉक सभागार में कार्यकताओं के साथ देखा। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि देश का किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि भारत का भाग्य विधाता भी है। सरकार की इस योजना से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक अमन गिरि ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग ढाई करोड़ किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिला है। साथ ही हमारी मताओं बहनों के लिए लखपति दीदी योजना का शुभारम्भ भी हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता सुरजन लाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष, संजीव वर्मा, मण्डल अध्यक्ष, मिथिलेश मिश्रा मण्डल महामंत्री, प्रधान मुकेश गुप्ता, गौरव वर्मा, आशीष मिश्रा, विशेष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## केबिल जलाने से ग्रामीणों में आक्रोश

जौनपुर। ग्राम समा जमालपुर की एक बैठक चन्द्रशेषर की दुकान चकरानेपुर पर वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी राजकुमार चादव नेताजी की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जमालपुर, चकराजेपुर से बहुत लोग उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम चकराजेपुर के लोगो द्वारा केबिल जलाने पर विचार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कि केबिल जलाने से प्रदुषण फैल रहा है, जिससे सभी के स्वास्थ्य बुरा असर पड़ रहा है। अन्त में निष्कर्श निकला कि जो केबिल जलायेगे उनके बिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर रफीक ,बब्बू ,बसीम, निजाम ,निजामुददीन, गोरख, साहिल, करिया, मताब, राहुल, कुदरत तुल्ला मैनेजर समयल रमजान , अकबर अकरम आसिफ नियाज ,तौकीर राहुल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को भगाने में मुकदमा दर्ज आरोपी गिरफ्तार

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा थाने में अभियुक्त के विरुद्ध बादी की नाबालिक पुत्री को वहला पुसला कर भगाने के संबंध में लिखित तहरीर दी गई थी इसके संबंध में मुकदमा दर्ज कर लालगंज पुलिस द्वारा नाबालिक को वहला फुसला करके भगाने व दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर सोमेन वर्मा के निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के आदेश के क्रम में उप निरीक्षक विजय कुमार राय अपने मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर संबंधित वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र ज्ञानचंद निवासी सुभाव राजा थाना लालगंज जनपद मिजार्पुर को संबंधित धारा में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेल भेजा गया।

## बेटियां देश और समाज का गौरवः मृदुला

जौनपुर। बेटी स्वावलंबन सुरक्षा समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव ने महिलाओं पर हुए आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा की बेटी हिंदू की हो या मुस्लिम बेटियां बेटियां है अभी हाल में ही डिंपल यादव इकरा हसन पर राजनीतिक टिप्पणी और संसद सदस्य पर की गई टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि दोनों ही देश की बेटियां हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में और विचारधारा से जुड़कर लोकतंत्र के सबसे बड़े मंच संसद में देश का गौरव बढ़ाया श्रीमती श्रीवास्तव ने कुछ नेताओं के द्वारा की गई बयान बाजी को महिला विरोधी मानसिकता बताया कहा कि जब देश के सर्वोत्तम सदन में बैठी महिलाओं पर ऐसी आपत्ति जनक टिप्पणी होगी तो आम बहन बेटियां महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेगी। कहा कि बेटी स्वावलंबन सुरक्षा समिति हमेशा महिलाओं की इज्जत अधिकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा बिना किसी धार्मिक राजनीतिक भेदभाव पर कहा कि लोग राजनीति करें पर महिलाओं का अपमान ना करें वह समाज व देश की असली ताकत है।

# प्रार्थना पत्रों का ससमय निस्तारण करें:डीएम




जौनपुर । जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील मछलीशहर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग, भूमि विवाद, पथरगड्डी, पेंशन आदि से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष 125 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, मौके पर 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी मछलीशहर सौरभ कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में तहसील मड़ियाहूँ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है : पवन कुमार

जिला संवाददाता(vol)

- तहसील सदर में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं
- जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 132 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 16 का किया गया निस्तारण

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना।

तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 132 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 16 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादी को त्वरित न्याय मिल सके और उन्हें बार-बार तहसील एवं जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े अतएव सभी अधिकारी अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करें और फरियादी को न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बातों को सुनते हुए शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 04 का निस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 5 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 73 प्रार्थना पत्रों में से 5 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसील सदर में अपर पुलिस अधक्षीक नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाबचंद्र, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, सदर अमर बहादुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## हर-हर महादेव से नगर हुआ गुंजायमान शिवभक्तों ने भंडारे का किया आयोजन



आजमगढ़। श्रावण मास के मौके पर नगर के मातवरगंज स्थित शंकर जी के तिराहे पर शिवभक्तों द्वारा विशाल भंडार का आयोजन किया गया। चार बजे से शुरू हुआ भंडारा देररात्रि तक जारी रहा। भंडारा शुरू होने से पूर्व मुहल्लावासियों के प्रिय भोले बाबा का भव्य श्रृंगार कर पूजन अर्चन किया गया। उस रास्ते से गुजरने वाले सभी की नजरें अपलक बाबा को निहारती रही और श्रद्धालु हर हर महादेव के उद्घोष करते रहे जिससे पूरा मातबरगंज, एलवल, कुर्मी टोला का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बाबा के आगे शीश नवांकर प्रसाद चखकर पुण्य के भागी बनते रहे। शिवभक्त आकाश साहू व सौरभ गुप्ता ने कहाकि सावन मास बेहद पवित्र है, इस मास में त्रिकालदर्शी भोले बाबा की पूजा होती है, सदियों से परम्परा रही है कि सावन में जगह-जगह भंडारे आयोजित कराए जाते थे। उसी परम्पराओं को आगे बनाये रखने के लिए पिछले कई वर्षो से हम लोगों द्वारा यह पुनीत कार्य किया जाता है। वहीं रवि चौरसिया ने कहाकि दशकों पहले मातवरगंज तिराहे पर शंकर जी की मूर्ति की स्थापित की गई, हम सभी मुहल्लेवासी इन्हें अपना रक्षक मानते है। यहां पर मन से पूजन अर्चन करने से सभी की हर मनोकामनाए पूर्ण होती है। बाबा को सावन मास अतिप्रिय है इसीलिए इनका श्रृंगार कराया गया और सभी के जनसहयेग से विशाल भण्डारे का मुहल्लेवासियों के लिए खुशहाली के लिए आयोजन कराया गया। भंडारे में मुख्य सहयोगी के रूप में जय वर्मा, अतुल साहू, प्रहलाद गोंड, सौरभ, रवि, रितेश, आकाश, दिव्यांशु, आशीष यादव, शुभम शामिल रहे।

## हिंदू धर्म और संस्कृति की सेवा के लिए रहे तत्परः अमृत




आजमगढ़। विश्व हिन्दु महासंघ (भारत) के आजमगढ़ मण्डल की मण्डलीय बैठक बेलनाडीह स्थित आजमगढ़ कार्यालय पर शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसमे आजमगढ़ मंडल प्रभारी अमृत सिंह ने सर्वसम्मति से मऊ के जिलाध्यक्ष के रूप में प्रदीप सिंह के नाम की घोषणा की कहें साथ ही बहुतों को संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। इस दौरान आजमगढ़ जिलाध्यक्ष राणा संत विजय सिंह ने सभी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके उपरांत संगठन के प्रचार-प्रसार सहित आगामी योजनाओं के बारे में रणनीति तैयार किया गया।

मण्डलीय बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी अमृत सिंह ने कहाकि संगठन हिंदू धर्म और संस्कृति की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और इसका उद्देश्य हिंदू धर्म के सिद्धांतों और मूल्यों को बढ़ावा देना है। यह तभी साकार हो सकेगा जब संगठन शहर से लेकर गांव तक मजबूत रहेगा। मण्डल संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने पूरे मंडल में सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए दिशा-निर्देश दिया।

आजमगढ़ जिलाध्यक्ष राणा संत विजय सिंह ने बताया कि सनातन संस्कृति और हमारे आदर्श योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आजमगढ़ संगठन के विस्तार के लिए महामंत्री की जिम्मेदारी अमरनाथ सिंह, जिलामंत्री कन्हैया जैसवार व अजय प्रताप सैनी को दी गई हैं। जनपद में सनातन संस्कृति को मजबूत करने का काम किया जा रहा हैं। आगामी दिनों में अभियान चलाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ताकि संगठन के गांव, ब्लाक नगर तक मजबूती से खड़ा किया जा सकें। मंडलीय बैठक में शक्ति सिंह, सुशील कुमार सिंह, राधेश्याम पांडेय, हिमांशु सिंह, गौरव यादव, विष्णु यादव, हिमांशु यादव सहित सैकड़ों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह व संचालन जिला संयोजक संजय सिंह ने किया। अंत में मऊ जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अविनाश भारद्वाज, रणवीर सिंह, लालगंज जिलामंत्री रामभवन तिवारी, दयानंद राजभर, जितेंद्र राम, जयमंगल सिंह सहित आदि आदि मौजूद रहे।

## आकांक्षा हॉट कार्यक्रम में स्टाल्स का निरीक्षण



जौनपुर। जिलाधिकारी कार्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित आकांक्षा हॉट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश कुमार सिंह प्रिंशु सदस्य विधान परिषद रहे तथा अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया ने किया।

इस अवसर पर डॉ नरेंद्र कुमार सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बी सी पंत उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रभात कुमार जिला कुष्ठरोग अधिकारी ने जानकारी प्रदान किया । कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से था। प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल्स के अवलोकन उपरांत दीप प्रज्वलन कर फीता काटकर आकांक्षा हाट कार्यक्रम का उद्घाटन किया । मछली शहर एवं रामपुर के 6 कर्मचारियों तथा स्कूल बच्चों योग प्रशिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुशील अग्रहरी ने किया । इस अवसर पर वक्ताओं में डॉ0 तपिश कुमार डॉ0 प्रभात कुमार डॉ0 बद्री विशाल डॉ अजय सिंह डॉ आलोक सिंह नीरज कुमार कमल कुमार सलिल यादव ने जानकारी दी।। राजीव श्रीवास्तव जनार्दन पांडे प्रेम सिंह यादव आशीष कुमार समेत समस्त कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 हजार बिजली के बिल से किसान के उड़े होश

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के शाहबड़ेपुर विद्युत फीडर के वीरभानपुर गांव निवासी एक किसान को बिजली विभाग ने तीन माह में उसका बिजली का बकाया बिल डेढ़ हजार रुपये की जगह 25 हजार रुपये से ज्यादा भेज दिया। अब किसान घबरा कर विभागीय अधिकारियों व कर्मियों से फरियाद लगा रहा है। विभाग के जिम्मेदार लापरवाह बने हुए है। उक्त गांव निवासी कुलभूषण पाठक का एक किलोवाट का कनेक्शन है। उनके बिजली का बिल एक वर्ष पहले लगभग तीस हजार रुपये आया था बिना मीटर लगे घरों के बिजली का बिल लगभग पांच सौ रुपये महीने आता है। उन्होंने योजना के अंतर्गत 12 किश्तों में जनवरी महीने तक सारा पैसा जमा कर दिया। अब विभाग ने उनके ऊपर मई महीने तक का बिल 25 हजार 442 रुपये भेज दिया। बिल देखकर जब वे घबरा कर विभागीय लोगों से मिले तो पता चला कि मीटर रीडिंग के हिसाब से बिल आया है। जब किसान ने कहा कि उसके घर मीटर है ही नहीं तब विभाग के लोग एक दूसरे को दोषी बता रहे है। पीड़ित ने विभागीय अधिकारियों से बिजली का बिल सुधरवाने की मांग किया है।

## मर्जर के खिलाफ आन्दोलन पर झुकी सरकार

जौनपुर। ऑल इण्डिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) के उत्तर प्रदेश सचिव दिलीप कुमार ने एक प्रेस बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को मर्ज व बंद करने की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में लगातार जारी है। वहीं दूसरी ओर इसके खिलाफ प्रदेश भर में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों व विभिन्न संगठनों समेत छात्र संगठन एआईडीएसओ के द्वारा व्यापक पैमाने पर आंदोलन भी चल रहा है। इस जन आंदोलन के दबाव में राज्य सरकार को अपने शिक्षा विरोधी कदम पर यू टर्न लेते हुए अपने फैसले को बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। आन्दोलन की यह जीत छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों व शिक्षा प्रेमियों की आंशिक जीत है। आम लोगों की यह जीत आन्दोलन की जीत का पहला चरण है, इसी तरह आगे भी स्कूल बचाने का संघर्ष जारी रखना होगा। हम सभी शिक्षा प्रेमियों से आह्वान करते हैं कि एक भी विद्यालय जिसमें बच्चे पढ़ते हैं, उसे बंद न होने दें और उसे बचाने के लिए आगे आयें व स्कूल बचाओ संघर्ष समिति का गठन करें। क्योंकि छात्र संख्या के आधार पर स्कूल बंद करना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक व अनैतिक कदम है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के बयान में आया है कि अब तक 10684 स्कूलों को मर्ज किये गये हैं जिससे बड़ी संख्या में छात्रों की पढ़ाई बाधित हुई है। इसलिए अब 3 किमी की जगह 1 किमी दायरे में व 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल और भौगोलिक परिस्थितयों के आधार पर छात्र संख्या वाले स्कूलों को ही मर्ज किया जाएगा। सरकार का यह कदम भी शिक्षा व छात्र विरोधी है, जो शिक्षा के अधिकार को संकुचित करेगा। इसलिए आन्दोलन निरन्तर जारी रखना ही एकमात्र रास्ता है। उन्होने अपील किया कि शिक्षा व छात्र विरोधी इन नीतियों को वापस लेने और सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के लिए आन्दोलन को तेज करने के लिए आगे आएं।

## बारिश से दो कच्चे मकान गिरे



मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट और लहुरियादह गांव में शनिवार सुबह बारिश के दौरान दो कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरकर धराशाई हो गया। संयोग था कि मकान गिरने के दौरान परिवार का सदस्य मौजूद नही था। लहुरियादह गांव निवासी वीरेंद्र कुमार कोल के कच्चे मकान का एक हिस्सा बारिश के दौरान गिरकर धराशाई हो गया। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मकान के भीतर रखा खाद्य सामग्री, कपड़े और चारपाई दबकर नष्ट हो गया। वहीं देवहट गांव निवासी राजकुमार धरकार के मकान का एक हिस्सा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के भीतर रखा गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। पीड़ितों ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्राम कौशलेंद्र गुप्ता ने हल्का लेखपाल को मकान गिरने की सूचना देकर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## 111.55 लाख की चार सड़कों का शिलान्यास



जौनपुर। शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 111.55 लाख की लागत की चार सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें प्रमुख रूप से वार्ड अहियापुर में स्टेशन मार्ग से बुआ जी हॉस्पिटल होते हुए डा मंजू के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 23.77 लाख, वार्ड अहियापुर में आशा सिंह के मकान से शैलेन्द्र यादव, अजय यादव के मकान से होते हुए रामदुलार के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 24.61 लाख , वार्ड अहियापुर में सर्विस स्टेशन के आगे सुरेन्द्र रावत के मकान से होरीलाल, रघुवीर गुप्ता के मकान तक एवं लालू भूषा की दुकान से राजेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 28.68 लाख , गुलरघाट में बेनी प्रसाद की दुकान के सामने से बदलापुर पड़ाव तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 34.49 लाख , मनीष श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार सिंह, नंदलाल यादव, शिवशंकर यादव, जय सिंह व सचिन पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जौनपुर । कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण कार्यक्रम का आयोजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता और एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु की उपस्थिति में किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानमंत्री के द्वारा पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। राज्यमंत्री ,एमएलसी और जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे प्रोत्साहित किया गया और कृषि पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने कहा कि शासन के द्वारा अनेकों योजनाए चलाई जा रही है जिससे उनकी आय को दोगुनी की जा सके। यह योजना किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी योजना है। जो भी किसान इस योजना से वंचित रह गये है वे अपना रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें। एमएलसी जी ने कहा कि जनपद में 07 लाख 50 हजार किसानों को सीधे 150 करोड़ रुपए निर्गत किये गये है। यह योजना मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है। पूरे देश के किसान इससे लाभान्वित हो रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सभी विकास खण्डो में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बताते हुए हर्ष हो रहा है कि जनपद जौनपुर देश का पहला जनपद है जहां सबसे अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हुए है। संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव ने किया। अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, कृषि वैज्ञानिक डा0 सुरेश कन्नोजिया, खण्ड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# किसान केन्द्र पोषित योजनाओं का लाभ उठायें: अनुप्रिया

जिला संवाददाता(vol)



- पीएम ने पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त किया जारी

आजमगढ़। केन्द्र पोषित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जनपद के कृषको को पीएम किसान निधि की 20वीं किस्त प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम वाराणसी उ0प्र0 में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा किसानों को उक्त सुविधा प्रदान की गयी। जनपद आजमगढ़ में केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन उर्वरक राज्य मंत्री भारत सरकार की उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय कोटवा, आजमगढ़ में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग कृषकों को दिखाई गयी।

केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा अपने सम्बोधन में केन्द्र पोषित योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषक बन्धुओं से उनका लाभ उठाने की अपील की गयी। पीएम किसान के लाभार्थी जनपद के 6.86 लाख कृषकों के पंजीकृत खातों में 20वीं किस्त के रूप में रू0 137.31 करोड़ की धनराशि अन्तरित की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी से देश भर के लगभग 9.60 करोड़ किसानों के बैंक खाते में किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी किया गया। जिसमें प्रदेश के 2.5 करोड़ एवं जनपद के 686569 किसान शामिल हैं, जिनके खाते में किसान सम्मान निधि की धनराशि की 20वीं किश्त जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले किसानों से अपील किया कि कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जनोपयोग प्रदर्शनी/स्टाल का अवलोकन कर उसका लाभ उठायें। इसके साथ ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना द्वारा विभागों द्वारा लगाये गये प्रत्येक स्टालों का अवलोकन किया गया।

उप कृषि निदेशक पवन कुमार द्वारा आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला एवं मिलेट्स पुनरोद्धार योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मेला तथा खरीफ गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों तथा ग्राम सभा मुख्यालयों तथा साधन सहकारी समितियों पर भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग कृषकों के मध्य दिखाई गयी। लाईव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम में कृषि एवं संवर्गीय विभागों के लगभग 2000 कृषकों/उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन में कार्यक्रम का संयोजन कृषि विभाग आजमगढ़ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सूचनापरक आकर्षक स्टॉल लगाकर कृषकों/प्रतिभागियों को सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राम निवास वर्मा विधायक नानपारा, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, संयुक्त कृषि निदेशक, आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़, उपायुक्त स्व रोजगार आजमगढ़, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा, जिला कृषि अधिकारी सहित विभागीय कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## किशोरी को बचाने में स्कॉर्पियो खाई में पलटी



जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गंगौली गांव के समीप शनिवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो किशोरी को बचाने के चक्कर में पैर को रौंदते हुए सड़क के किनारे खाई में जा पलटी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल जुटी।

ज्ञात हो कि शगुन पाण्डेय पुत्री शैलेन्द्र पांडेय 11 वर्ष सड़क के किनारे जा रही गाय के बछड़े को पकड़ने जैसे ही सड़क के किनारे पहुंची तभी केराकत से जौनपुर की तरफ तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आ गई जब तक वह कुछ समझ पाती की अनियंत्रित स्कॉर्पियो किशोरी के पैर को रौंदते हुए सड़क के किनारे खाई में जा पलटी। स्कॉर्पियो चालक समेत सवार लोगों की हल्की चोटें आ गई। स्कॉर्पियो को खाई में पलटते देख आस-पास के लोगो की भीड़ इकट्ठा होकर स्कॉर्पियो में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। तत्पश्चात घायल सभी लोग ऑटो पकड़कर उपचार के लिए निजी अस्पताल चले गए। वही बच्ची को हालत नाजुक देख परिजन उपचार हेतु जौनपुर निजी अस्पताल में ले गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की।

## शिवभक्त कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर वितरित किया अल्पाहार

मीरजापुर। पवित्र सावन माह में शिवभक्त कांवरियों की निरंतर सेवा के क्रम में शनिवार को विंध्य इण्डियन पत्रकार प्रेस सोशल क्लब मीरजापुर के तत्वावधान में शिवभक्त कांवरियों को नगर के मुंहकुचवा में अल्पाहार के रुप में केला, बिस्कुट पानी



का वितरण किया गया। इस दौरान उधर से गुजरने वाले कांवरियों पर श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें अल्पाहार का पैकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर बाद क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश भाई पटेल के कर-कमलों से किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा सेवाभाव के क्रम में निरंतर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में शिवभक्त कांवरियों की सेवाभाव का भी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान राजेश भाई पटेल, सलिल पांडेय, दीपक त्रिपाठी, मंगलापति द्विवेदी, संतोष देव गिरि, रोहित त्रिपाठी, सुधीर सिंह राजपूत, गुफरान, इत्यादि मौजूद रहे हैं।

संक्षेप

## छेड़छाड़ की तहरीर पर मामला दर्ज

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक महिला ने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि विक्की उर्फ आनंद पुत्र बचनू धोबी ने उसकी पुत्री के साथ सूने घर मे घुसकर अशोभनीय हरकतें कीं और छेड़छाड़ की। घटना से आहत पीड़िता ने इसकी सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद वे तत्काल बिहार थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह गौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और शीघ्र ही आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

सीतापुर। सिधौली इलाके के सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर बंदरिया बाजार के पास शुक्रवार को देर रात नौ बजे करीब को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे 55 वर्षीय व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शिव सुंदर 55 वर्ष, पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी टड़ई के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बाइक सवार युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सांसद ने लगायी विद्युत अधिकारियों को फटकार

सीतापुर। जिले में विद्युत विभाग की कार्यशैली पर शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित उपभोक्ता हित की बैठक में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने विभाग के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने छोटे उपभोक्ताओं पर सख्ती और बड़े बकायेदारों को संरक्षण दिए जाने पर नाराजगी जताई। बैठक में अधीक्षण अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक सभी जिम्मेदार मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि विद्युत वितरण खंडों में भ्रष्टाचार, मनमानी और दबंगई चरम पर है। आम उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है, ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, केबिल फुकी पड़ी हैं और बिल मनमर्जी से थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब यह खेल नहीं चलेगा और विभाग को अपनी कार्यशैली सुधारनी होगी। सांसद ने स्पष्ट किया कि लाखों रुपये के बकायेदारों पर विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। जबकि गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटकर जबरन वसूली की जाती है। उन्होंने कहा कि कई जगह घरेलू और कृषि कनेक्शन को गलत तरीके से कामर्शियल श्रेणी में डालकर अधिक बिल वसूला जा रहा है, जिससे आमजन त्रस्त हैं। मछली पालन जैसे छोटे व्यवसाय करने वालों से भी व्यवसायिक दरों पर वसूली की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लें, उनके फोन उठाएं और उपकेंद्रों पर शिकायत दर्ज करें। जांच के नाम पर धन उगाही तत्काल बंद की जाए। सभी अभियंताओं से कहा गया कि वे जनता के हित में काम करें, जिससे बिजली की समस्याओं से जिलेवासियों को राहत मिल सके।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

सीतापुर। जिले के इमलिया सुल्तानपुर इलाके की तिहार चैकी अंतर्गत पीतमपुर गांव में विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार की उसकी 24 वर्षीय पत्नी सुनीता के साथ आपसी अनबन चल रही थी। इसी कारण उसने अपने घर में छत के छल्ले में साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही तिहार चैकी के इंचार्ज इंद्रजीत सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के पति से पूछताछ में पता चला कि दोनों के बीच कुछ विवाद चल रहा था जिसके कारण महिला ने यह कदम उठाया। सूचना मिलने पर मायके पक्ष वालों ने कोई विशेष आरोप नहीं लगाया है।

# शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारण: डीएम




सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी से खतौनी में दर्ज गलत नाम को हटवाये जाने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुये खतौनी से नाम हटवाकर नई खतौनी मौके पर ही जारी करवा दी। साथ ही शिकायतकर्ता गयावती पत्नी स्वर्गीय बाबू द्वारा राशन कार्ड से संबंधित की गयी शिकायत को गंभीरता से लेते हुये मौके पर ही राशन कार्ड जिलाधिकारी द्वारा जारी करवाया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 66 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सदर में प्राप्त 06 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 61 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन




सीतापुर। किसान उत्सव दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम आयोजन की अध्यक्षता कर रहे नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू का स्वागत उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।

राज्यमंत्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के विमोचन में दिये जा रहे सजीव सम्बोधन को सुना गया। सजीव सम्बोधन के उपरान्त आयोजन में राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू के द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया गया। पीएम किसान सम्मान निधि से आच्छादित किसान भाईयों जैसे- शिव प्रकाश, मिथिलेश कुमार, रामभजन, गया लाल एवं हरिनाम भारती आदि को राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू के द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा बताया कि जिन किसान भाईयों ने फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभी नहीं कराया है। वह लोग शीघ्र ही फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करा लें। जिससे किसान सम्मान निधि की अगली किश्त का लाभ समय से मिल सके। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन का समापन किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में पीएम किसान उत्सव दिवस के सफल आयोजन हेतु इसका संचालन तहसील, विकास खण्ड, न्याय पंचायत स्तर, एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। आयोजन में केवीके० पीएम किसान समृद्धि केन्द्रों, पीएसीएस तथा एफपीओ का सहयोग भी लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अपर जिलाधिकारी न्यायिक उप कृषि निदेशक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आयोजन में पी०एम० किसान सम्मान निधि से अच्छादित किसान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर नहीं पहुंची सीडीओ, फरियादियों में मायूसी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के न आने से फरियादी मायूस दिखे, उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्युत, समाज कल्याण विभाग, पुलिस, राजस्व, व अन्य विभागों से सबंधित कुल 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पिछले तहसील दिवस में आये प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के पश्चात आए हुए एक एक फरियादियों की समस्या सुनी। इस मौके पर सर्वाधिक राजस्व के 25 मामले रहे। विकास से सम्बंधित 09, पुलिस 16, समाज कल्याण 1-1 वही अन्य विभागों से 13 मामले रहे। इस मौके पर तहसीलदार मनीष कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार मिश्रा, खण्ड शिक्षाधिकारी सुमेरपुर अखिलेश वर्मा व खण्ड शिक्षाधिकारी बीघापुर शुचि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

मौरावां, उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त के सख्त निर्देश है कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए। अवैध मदिरा के परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में शनिवार को निशांत सिंह आबकारी



निरीक्षक पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत ग्राम बद्रीबख्शखेड़ा, खानपुर थाना मौरावां में दबिश देते हुए कुल 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया तथा लगभग 150 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता प्रकाशा पत्नी गोवर्धन निवासी खानपुर थाना मौरावां है।

## हिन्दी सभा की आजीवन सदस्य विनोदनी रस्तोगी पंचतत्व में विलीन

सीतापुर। स्थानीय नई बस्ती निवासी स्व0 डा0 केदारनाथ रस्तोगी की धर्मपत्नी जनपद की वरिष्ठ कवियत्री विनोदनी रस्तोगी का निधन गत रात्रि को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय गोपालघाट पर उनके सुपुत्र डा0 प्रवीण रस्तोगी व निषीथ रस्तोगी द्वारा सम्पन्न किया गया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार 6 अगस्त को अपरान्ह 1 बजे उनके निवास पर शुद्धीकरण एवं शांति पाठ सम्पन्न होगा। इसी क्रम में लालबाग शहीद उद्यान में स्थापित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में अध्यक्ष आशीष मिश्र की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन हुआ। जिसमें हिंदी सभा की आजीवन सदस्या रही श्रीमती विनोदनी रस्तोगी के निधन पर हार्दिक दुःख प्रकट करते हुये सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डॉ. तहसीलदार चौरसिया बने नगर अध्यक्ष व प्रियांशु मिश्रा बने नगर मंत्री

सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थियों को हरगांव नगर इकाई शैक्षिक सत्र 2025-26 का गठन गुरु नानक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अभविप के विभाग प्रमुख मनु शर्मा चुनाव अधिकारी के रूप में रहे। संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए मनु शर्मा ने नगर अध्यक्ष के तौर पर डॉक्टर तहसीलदार चौरसिया बिरला कॉलेज के अध्यापक को प्रियांशु मिश्रा को मिश्रा नगर मंत्री निर्वाचित किया। आगामी कार्यकारिणी की घोषणा नगर अध्यक्ष तहसीलदार चैरसिया ने नगर उपाध्यक्ष के रूप में सत्यनारायण राजकमल वर्मा सरोज पांडे जयप्रकाश पांडे को घोषित किया। नगर सहमंत्री के रूप में अभय सिंह चैहान, शोभित राज, आर्यन, प्रियांशु मौर्य, प्रियांशु सिंह को घोषित किया। नगर एसफी0 प्रमुख आयुष बाजपेयी व सह प्रमुख रमन गौतम नगर एसएफएस प्रमुख नितिन मिश्रा, सहप्रमुख अभिषेक, नगर कला मंच प्रमुख सौम्या गुप्ता, सह प्रमुख मिस्बा अली, नगर सोशल मीडिया प्रमुख प्रियांशु गौतम, नगर सोशल हेमेन्द्र सिंह, नगर आंदोलन प्रमुख विपिन सोनी, नगर आंदोलन सह प्रमुख अंकुर शर्मा, नगर कार्यकारी सदस्य रवि कुमार, सौरभ गुप्ता, अमन यादव, देवन्स मिश्रा, विभव दीक्षित, घोषित किए गये। जिसमें जिला संगठन मंत्री हर्षित सिंह, आकाश अवस्थी, तहसील सहसंयोजक अंकुल सोनी, शुभम गुप्ता ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं।

## वेल्डिंग दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने मशीन और नकदी उड़ायी

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में नेशनल हाईवे किनारे स्थित एक वेल्डिंग की दुकान को बीती रात चोरों ने निशाना बना लिया। दुकान का ताला तोड़कर चोर बिल्डिंग मशीन, नगदी व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बाड़ी निवासी राजेश कुमार, सिधौली कस्बे के डॉक्टर जायसवाल क्लीनिक के पास वेल्डिंग की दुकान चलाते हैं। रोज की तरह वह शुक्रवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो ताले टूटे मिले। राजेश ने बताया कि चोर दुकान से एक बिल्डिंग मशीन, गल्ले में रखे 2000 नकद और कुछ अन्य सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी होते ही उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाईवे किनारे आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर कार्रवाई की जाए।

## सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में शनिवार को कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावशाली करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को अपने करियर चयन के प्रति जागरूक बनाना और उनकी प्रतिभा को सही दिशा देना था। कार्यक्रम में एलेन टैलेंटेक्स जेईई एडवांस कोचिंग, लखनऊ के सौजन्य से आए वरिष्ठ काउंसलर वी.के. चैधरी एवं उनकी टीम के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयकृकरियर चयनकृके लिए मार्गदर्शन दिया। काउंसलर्स ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें सुझाव दिया कि वे अपनी रुचि, क्षमताओं और लक्ष्य के अनुसार विषयों का चयन करें। टीम के वी.के. चैधरी ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि आज के दौर में सफलता केवल परीक्षा में अंकों से नहीं, बल्कि अनुशासन और समय प्रबंधन से तय होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को एलेन करियर इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा एलेन टैलेंटेक्स की जानकारी दी गई, जो 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होगी। यह परीक्षा कक्षा 5 से 10 तक के छात्रों के लिए है। इसमें चयनित छात्रों को नकद पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं कोचिंग गाइडेंस के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय प्रबंधन ने एलेन टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के उपयोगी शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

# सीएमएस के निर्देशों को नहीं मानते नेत्र चिकित्सक निर्धारित दिवस पर नहीं देखे मरीज




जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिले में स्थित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए पूरे जनपद से मरीज आता है। इसके बावजूद अगर बार बार निर्देश के बावजूद चिकित्सक ओपीडी करने से बच रहे हैं इसे अनुशासनहीन ही कहेंगे। सीएमएस ने भी कई बार बताया कि उनको ओपीडी के लिए कड़े निर्देश दिए जायेंगे। लेकिन शनिवार को जब उनके कक्ष के बाहर देखा गया तो उनका कक्ष बंद मिला।

जिला अस्पताल में एक नेत्र चिकित्सक की लापरवाही के चर्चे अक्सर सुनने को मिलते है। यहां तक उच्चधिकारियों तक ये बात पहुंचाई गई लेकिन नतीजा शून्य रहा। मरीज बेहाल होकर वापस लौटने को मजबूर होते है। मरीजों का इलाज करने के बजाय अस्पताल में समय बिताने के कोई लाभ नही है। तो कभी हाथ खड़े कर लिए जाते हैं। सफेद झूठ बोलकर अधिकारियों को अंधेरे में रखते हुए मरीजों को खतरे में ढकेलने का का काम किया जाता है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता जैसे जिम्मेदार अधिकारी नेत्र के मरीजों को निजात दिलाने में नाकाम दिखें और अपने हाथ खड़े करते नजर आए। लगातार सीएमएस द्वारा मरीजों की समस्या का समाधान करने की बजाय उनसे बचते नजर आते है। लेकिन चर्चाएं यह है कि नवागत सीएमएस के नए होने की वजह से पुरुष अस्पताल का जिम्मा पूरी तरह से डा0 संजीव कुमार के हाथों में ही है। डिप्टी सीएमएस का चार्ज उनके पास है। ऐसे में कही न कही पद का लाभ उठाकर नेत्र चिकित्सक नदारत रहते हैं। कई बार मामले में सीएमएस डा0 राजीव गुप्ता से जानकारी की गयी उन्होने बताया भी कि सुधार किया जाएगा। निधार्रित दिन उनको ओपीडी करने के कड़े निर्देश दिए जाएंगे। लेकिन शनिवार को ऐसा नहीं हुआ। वह अपने निधार्रित कक्ष से नदारत मिले।

# महादेव के जयघोष के बीच बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए बस रवाना



सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद कार्यालय से 29 कार्यकर्ता बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को न करने की 2006 में आतंकवादियों द्वारा एक चुनौती दी गई थी यहां एक भी दर्शन करने अगर यात्री आता है तो जीवित वापस नहीं जाएगा। उस समय बजरंग दल कार्यकताओं ने यह चुनौती स्वीकार करते हुए 2006 में अपने-अपने घर का पता लिखकर जेब में रखा था यदि हम मर जाएं तो हमारे घर को सूचना दी जा सके बजरंग दल तब से यह यात्रा बड़ी संख्या निरंतर करता आ रहा है इसमें भारत के हर कोने से कार्यकर्ता पहुंचते हैं और भारत माता की जय हर हर महादेव से पूरा क्षेत्र जय घोष गूंजता रहता है बजरंग दल हर साल आतंकवादियों के मुंह पर तमाचा जैसा मारने का कार्य करता रहता है। हिंदुओं के लिए बूढ़ा अमरनाथ यात्रा बहुत महत्व है हिंदू पुराण अनुसार पहलग्राम जम्मू कश्मीर स्थित है जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमर कथा सुनाई थी अमरनाथ यात्रा ने अवध प्रांत 2 अगस्त से प्रारंभ कर 7 अगस्त को वापसी करेगा। बस रवाना करते समय सभी कार्यकताओं को नवीन अग्रवाल जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद की तरफ से सभी कार्यकताओं को कंबल उपहार स्वरूप दिया गया। यात्रा रवाना करते समय प्रात धर्म प्रसार प्रमुख विपुल प्रताप सिंह उत्तम सिंह, जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला सह मंत्री आशीष मिश्रा, प्रमोद सिंह जिला कोषाध्यक्ष, विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी श्रीमती प्रज्ञा सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख त्रिपुरेश, जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# अधिक खाद बिक्री करने वाले विक्रेताओं की हुई जांच

उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक एवं रविन्द्र कुमार सिंह सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा अधिक खाद बिक्री, बिना खतौनी के व डायवर्शन करने वाले विक्रेताओं की जांच की गई। जिसमें बालाजी खाद भंडार माखी व साधन सहकारी समिति माखी मियागंज की अनियमित बिक्री, बिना कृषक की खतौनी/भूमि के अनुसार संस्तुत मात्रा के हिसाब से बिक्री की गई है अथवा नहीं इसकी जांच की गई। साथ ही समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि बिना किसान की खतौनी लिये उर्वरक की बिक्री कदापि न करें।

किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि नियम अनुसार ही उर्वरक की बिक्री संस्तुत मात्रा एवं कृषक के भूमि के अनुसार ही करें तथा किसानों के अभिलेख जैसे आधार व खतौनी अपने पास अवश्य रखें। किसी प्रकार की टैगिंग व उर्वरक की ओवररेटिंग किए जाने की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही किसान भाइयों से अपील है कि उर्वरक के क्रय करने हेतु आधार कार्ड व खतौनी अवश्य लेकर जाए और उर्वरक के भंडारण न करे।

# डीएम एसपी ने समाधान दिवस पर 174 समस्याएं सुनी




पुरवा उन्नाव। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने की जहाँ 174 फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 174 शिकायते आई। जिनमे 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमे राजस्व के 104 पुलिस 23, विकास 14, विधुत 12 अन्य 13 मामले आये।

कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी विशाल विमल ने बताया कि मुहल्ले के पप्पू सोनकर, कुलदीप गौतम, दिनेश यादव के घर के छत के ऊपर से 11 हजार की लाईन गयी है। जिसके तार लटक रहे है कभी भी जानमाल का नुकसान हो सकता। ग्राम भिटौली निवासी छोटेलाल ने बताया कि वह खेती मे माँ के साथ सह खातेदार है लेकिन गाँव के कुछ लोग उसकी जमीन पर कूडा करकट डाल कर कब्जा करना चाह रहे है। नगर के मोहल्ला कटरा सभासद विशाल विमल ने बताया कि उसके वार्ड में एक प्राथमिक विद्यालय है जिसकी मुख्य बिल्डिंग जर्जर अवस्था मे है जहाँ बारिश के दिनो मे पानी कमरे के अन्दर आ जाता है जिसके कारण कभी भी कोई बडी घटना हो सकती है। त्रिपुरारपुर निवासी मोनू बाजपेई ने बताया कि एक वर्ष से जर्जर तारों के चलते लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सभी शिकायतों को तय समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रमेश कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार, आशुतोष पाण्डेय, सीओ ऋषिकांत शुक्ल बीडीओ संतोष श्रीवास्तव सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन से ट्रेन पर चढ़ते हैं अवैध वेंडर



जिला संवाददाता(vol)

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर रेलवे स्टेशन पर इन दिनो अवैध वेण्डरों का बोलबाला है। अगर आप ट्रेन में सफर कर रहे है तो कुछ भी खाद्य सामग्री खरीदने से पहले विचार कर ले।

जानकार बताते है कि रेलवे पुल के करीब टेज्न पुल की वजह से अक्सर धीमी होती है। इसका फायदा अवैध वेंडर उठाते है। इससे रेलवे की व्यवस्था व सुरक्षा को भी कही न कही नुकसान पहुंच सकता है। इन दिनों सुर्खियों में रहने वाला कानपुर ब्रिज जो कि कानपुर सेंट्रल व उन्नाव जंक्शन के मध्य पड़ता हैं। स्टेशन सुरक्षा हेतु जीआपी व आरपीएफ की तैनाती की गई है जिससे रेलवे सुरक्षा सहित रेल यात्रियों की भी सुरक्षा किया जा सके, परन्तु विडंबना हैं उपरोक्त स्टेशन पर तैनात आरपीएफ प्रभारी का डर यात्रियों में इस कदर देखने को मिलता हैकि आए दिन कोई न कोई इनका शिकार बन जाता है। लेकिन अवैघ वेंडर की भरमार रहती है। स्टेशन के आस पास कभी भी ट्रेन के गुजरने व रुकने पर देखा जा सकता है। जानकारी अनुसार पूर्व में कानपुर ब्रिज आरपीएफ प्रभारी द्वारा अनाधिकृत वेंडर को बचाते हुए छात्र के विरूद्ध ही चैन पुलिंग में कार्यवाही कर दिया गया। छात्र मिन्नते करता रहा साहब हमने चैन पुलिंग नहीं किया। किसी वेंडर ने घटना कारित किया है जो कि मध्य रात्रि को अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा, ट्रेन रुकता देख छात्र भी उतर गया था। जिसका परिणाम रहा कि उलट उसी को आरोपित बना चैन पुलिंग की कार्यवाही कर दिया गया था। लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे के कानपुर ब्रिज स्टेशन रेलवे गंगापुल का हैं जहां पर ट्रेनों की गति धीमी हो जाती है जिससे अनाधिकृत वेंडर यही रेलवे पुल से ट्रेनों में सवार होकर दूषित खानपान सामग्री बेचा करते हैं। जिस कारण यात्रियों के सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता हैं। बताया जाता हैं कि आरपीएफ एएसआई गुप्तार सिंह द्वारा अनाधिकृत वेंडरों से सुविधा शुल्क वसूला जाता है जिस से इन वेंडरों के हौसले बुलंद है। वहीं स्टेशन परिसर के आसपास आरपीएफ एएसआई की जानबूझकर की गयी अनदेखी से अवैध रूप से दुकानें भी संचालित हैं, आरोप हैं आरपीएफ एएसआई द्वारा उक्त दुकानों से भी सुविधा शुल्क वसूला जाता है। कही न कही लाइन पर खानपान की सामग्री बेचते अवैध वेंण्डर व्यवस्थाओं की कलई खोलता है।

# किसानों को गोष्ठी में मोटे अनाज के बीज देकर किया सम्मानित



नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड में आयोजित किसान गोष्ठी में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह की उपस्थिति में किसानों को मोटे अनाज के बीज बांटे गए। पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त का लाइव प्रसारण भी हुआ।

नवाबगंज विकासखंड परिसर, उन्नाव में आज किसानों के लिए एक विशेष किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया, जिससे क्षेत्र के किसान सीधे केंद्र सरकार की इस महत्त्वाकांक्षी योजना से जुड़ सके। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह कार्यक्रम और भी सफल रहा। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को मोटे अनाज (मिलेट्स) के बीज वितरित किए गए, ताकि वे अपने खेतों में पोषणयुक्त और स्वास्थ्यवर्धक फसलों की खेती कर सकें। इससे न केवल किसान की आमदनी बढ़ेगी बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, नवाबगंज मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, न्योतनी मंडल अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी, रामकिशोर, संजय राजपूत, और मदन प्रधान आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बरैला महादेव का वार्षिक श्रृंगार 6 को

सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बरैला बाबा भोले नाथ श्रृंगार समिति सोनभद्र द्वारा सावन माह के आखिरी बुधवार 06 अगस्त,2025 को बरैला महादेव का भव्य श्रृंगार आयोजित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी समिति के संयोजक विकास वर्मा एड0/पत्रकार ने देते हुए बताया है कि इस दो दिवसीय वार्षिक श्रृंगार कार्यक्रम में प्रथम दिवस बुधवार 6 अगस्त,2025 को बरैला महादेव का श्रृंगार, भजन, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्याह्यजयकाल महाकाल विकराल शम्भू, जीवन हो या मृत्यु दोनों ही तुम हो। भण्डारा प्रसाद वितरण तथा बृहस्पतिवार 07 अगस्त,2025 को दोपहर बाद भव्य हवन और महा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम नगरवासियों श्रद्धालु भक्तों के तन मन धन के सहयोग से आयोजित होना सुनिश्चित है।

## दिनदहाड़े युवक की पीट-पीटकर हत्या

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बंगस में एक युवक की दिनदहाड़े पीट पीटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। दबंगों द्वारा युवक को बेरहमी से पीट पीटकर हत्या करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। घटना चौक कोतवाली के बंगश मोहल्ले की है।

## कनहर नदी की तेज धारा में युवक-युवती बहे

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के चोपन थाना अंतर्गत मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध अबाड़ी पिकनिक स्थल पर कनहर नदी में एक युवक और एक युवती डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना चोपन के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि ओबरा के सेक्टर 4 निवासी दीनानाथ त्यागी की चार बेटियां और उनका एक पड़ोसी पिकनिक मनाने अबाड़ी पिकनिक स्थल गए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद पिकनिक स्पाट पर पहुंचे सभी लोग वहां कनहर नदी में नहाने लगे। सभी लोग नदी में स्नान कर रहे थे तभी शाम लगभग 5.30 बजे नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही धारा तेज हो गई जिसके कारण स्नेहा (19) और भानू (22) तेज बहाव में बह गए और गहरे पानी में डूब गए। थाना प्रभारी ने बताया कि वहां मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण घटना की सूचना पुलिस तक पहुंचने में काफी विलंब हुआ। घंटों तलाश के बाद भानू का शव मिल गया, लेकिन स्नेहा का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## बुलंदशहर में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

बुलंदशहर। बुलंदशहर के थाना औरंगाबाद क्षेत्र अंतर्गत दौलताबाद गांव में शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद थाना क्षेत्र के दौलताबाद गांव में शुक्रवार देर रात संजय (52) अपने साथी जितेन्द्र के साथ घर जा रहे थे। रास्ते में दो युवक पैदल जाते हुए मिले, संजय ने उन्हें टोका तो उनमें से एक व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी। उन्होंने बताया कि संजय को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी और दो बच्चे गाजियाबाद में रहते हैं और वह यहां घर पर अपनी मां के साथ रहते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर एक पिस्तौल और एक खोखा मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।

## गांव संरक्षण केंद्र का शुभारंभ

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के ग्राम दिलावलपुर में गांव संरक्षण केंद्र का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया विधायक ने बताया बृहद गांव संरक्षण केंद्र माननीय मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात करने के बाद क्षेत्रीय समस्याओं को देखते हुए हमने मांग की थी जो कि आज बनकर तैयार हो गया है। जल्द क्षेत्र में हो रही आवारा पशुओं की समस्या को लेकर निजात मिलेगी लोकार्पण के समय ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश सचान, उपचिकित्सा अधिकारी पुष्प कुमार, वेटरनरी फार्मासिस्ट रजनीश कुमार वर्मा, विवेक बाजपेई, कमलेश वर्मा, सुशील, राजपाल, दिनेश गुप्ता, आदित्य सिंह कृष्ण कुमार पंकज सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# 24 घंटे के अंदर लगायें ट्रांसफार्मर : भूपेश चौबे



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। छपका पावर हाउस पर शनिवार को अचानक किसानों की समस्या पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने किया निरीक्षण रिपेयरिंग रजिस्टर में मिली लापरवाही संबंधितों को लगाई फटकार।

सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं पर तत्काल विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा था जिस पर मिल रही शिकायतों के अनुसार आज निरीक्षण किया गया मौके पर काफी लापरवाही पाई गई मौजूद लोगों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया है कि किसानों व ग्रामीणों के संबंधित शिकायत ट्रांसफार्मर के आते हैं तो तत्काल 24 घंटे के अंदर रिपेयरिंग करते हुए बदले जाएं अन्यथा अंजाम भुगतने को संबंधित अधिकारी तैयार रहें।

वहीं सदर विधायक ने बताया कि योगी सरकार के नेतृत्व में किसानों व ग्रामीणों के लिए बिजली संबंधित तमाम योजनाएं चल रही है निचले स्तर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा लापरवाही की जा रही है जो कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी मौजूद ग्रामीण व किसानों की समस्या को तत्काल निस्तारण को संबंधितों को निर्देशित किया गया है इस तरह से लापरवाही दोबारा मिला तो अंजाम को भुगतने को तैयार रहे संबंधित बिजली विभाग अधिकारी निर्देशित किया गया है और उच्च स्तरीय अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की जाएगी जिससे कि किसानों व आम जन ग्रामीणों को किसी प्रकार से बिजली व्यवस्था में कोई अशुद्धि उपलब्ध न हो पाए। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ,विकास मिश्रा,गौरव शुक्ला,संतोष कुमार आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में 67 प्रार्थना पत्र आये, 7 का निस्तारण

दुद्धी,सोनभद्र। शनिवार को दुद्धी तहसील सभागार कक्ष में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी बी एन सिंह के द्वारा की गई। तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न समस्याओं से युक्त कुल 67 जनशिकायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें 5 मामले को मौके पर निस्तारण किया गया तथा 2 मामले का निस्तारण टीम द्वारा किया गया। सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित आए, जहाँ डीएम ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को समाधान के लिए निर्देशित किया। डी एम बद्रीनाथ सिंह ने अधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि शासन के मंशानुसार तहसील समाधान दिवस पर आयी समस्याओं को संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। इस मौके एसपी अशोक कुमार मीणा,एसडीएम निखिल यादव, डीपीआरओ नमिता शरण, डी डी ओ हेमंत सिंह, डी एफ ओ कमल कुमार, ए सीएमओ डॉ आर जी यादव, तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार, ओपी सिंह, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार राय, बीडीओ राम विशाल चैरसिया, उत्कर्ष सक्सेना, दिनेश कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेमशंकर राम, ईओ भोला सिंह कुशवाहा, अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## सभासदों ने नगर पंचायत की सड़कों को दुरुस्त करने की उठायी मांग

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील समाधान दिवस में शनिवार को दुद्धी नगर पंचायत के भाजपा सभासदों ने कस्बे की गलियों की सड़कों को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया हैं। सभासद धीरज जायसवाल वार्ड नंबर 8, आमेश सिंह वार्ड नंबर 10 तथा शहीद वार्ड नंबर 11 के सभासदों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर दुद्धी कस्बे की सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की हैं।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिला चिकित्सालय में मरीजों की कलाइयों पर बांधा स्वास्थ्य रक्षा सूत्र



सोनभद्र। अध्यात्म मानवता के लिए ईश्वरीय उपहार है, जिसमें मनुष्यत्माओं के जीवन से अज्ञानता, नकारात्मकता और जड़ता को दूर करके सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला रखी जा सकती है। मानव सेवा को ही कर्म और धर्म मानने वाली राबर्ट्सगंज स्थित ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने जिला चिकित्सालय लोढी में मरीजो, उनके संबंधियों और मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले चिकित्सकों को स्वास्थ्य रक्षा सूत्रश बांधकर उनके मंगल में जीवन की कामना किया। इस अवसर पर कुल 26 मरीजो,, 28 मरीजों की सेवा करने वाली परिजनों, 10 चिकित्सकों,12 नर्सों सहित 2 बच्चों को स्वास्थ्य रक्षा सूत्र बांधा गया। स्वास्थ्य रक्षा सूत्र बांधने के बाद ब्रह्मकुमारी बहनों ने प्रसाद के साथ साहित्य देकर अपने सेवा भाव की संकल्पो की सार्थक पहल किया।

बता दें कि ब्रह्माकुमारी बहने राखी बांधने के बाद किसी भी प्रकार का धन या उपहार स्वीकार नहीं करती हैं। ब्रह्माकुमारी बहने रक्षासूत्र बांधने के बाद लोगो से मानवीय कमजोरियो और मादक द्रव्यों को कभी नहीं करने का दान मांगती है जिससे लोगो का जीवन बेहतर हो सके। इसके बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बृद्धाश्रम में स्वास्थ्य रक्षासूत्र बांधकर वरिष्ठ जनों के जीवन में मंगल के लिए ब्रह्मकुमारी बहनों ने शुभ संकल्प किया। बृद्धाश्रम प्रवासी 16 महिलाएं और 25 पुरुष जनों को राखी बांधकर उन्हें प्रसाद और ईश्वरीय साहित्य सौगात के रूप में दिया गया।

सेवाकेंद्र के मुख्य संचालिका बी.के. सुमन दीदी के निर्देशन में बीण्केण प्रतिभा बहन,बीण्केण्सीता बहन, बीण्केण्सरोज बहन, बी.के.दीपशिखा बहन के साथ मीना बहन, रंजना बहन, राजकेश्वर भाई, यज्ञ देव भाई, अवधेश भाई सक्रिय सहयोग दिया। वृद्धाश्रम के संचालक नवीन कुमार शुक्ला जी सहयोग के लिए ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया।

## झंडेश्वर महादेव मंदिर पर सावन के आखिरी सोमवार को होगा हरिकीर्तन

बीजपुर/सोनभद्र। ग्राम सभा डोड़हर के खैरी टोले में रिहंद डैम के किनारे झंडी पहाड़ी पर स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार 4 अगस्त को 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन तथा 5 अगस्त मंगलवार को हरिकीर्तन समापन के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है।

मंदिर समिति द्वारा आस पास क्षेत्र के श्रद्धालुओं से हरिकीर्तन व भंडारे में सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील किया गया है झंडेश्वर महादेव मंदिर पर पूरे श्रावण मास तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है विशेष रूप से सावन के प्रत्येक सोमवार को प्रातः काल से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का मानना है कि जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा और भक्ति के साथ झंडेश्वर महादेव प्रभु की शरण मे आता है महादेव उसके मन की मुराद जरूर पूरी करते हैं तथा सच्चे मन से जो भी प्रार्थना करते हैं वह जरूर स्वीकार होती है। मंदिर का इतिहास भी बहुत ही पुराना है मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार बैस ने बताया कि जिस स्थान पर मंदिर है यहाँ पर एक शिवलिंग जिसमे महादेव का त्रिशूल भी बना हुआ है वह स्वयं ही यहाँ पर प्रकट हुआ है हमारे पूर्वजो के द्वारा रिहंद डैम डूब क्षेत्र से पहले ही यहाँ पूजा पाठ किया जाता था फिर एक बार भोलेनाथ ने मुझे स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर बनवाने को कहा तो मैंने उन्ही की कृपा से मंदिर का निर्माण शुरू कराया तथा सभी शिवभक्तों के सहयोग व प्रभु के आशीर्वाद से मुख्य मंदिर बन गया है जिसमे भगवान भोलेनाथ संग माता पार्वती की प्रतिमा भी स्थापित हो चुकी है दूर-दूर से भक्तगण आकर पूजा अर्चना करके अपने मन की मुराद पूरी होने की कामना करतें हैं उन्होंने बताया कि मंदिर पर सावन के आखिरी सोमवार 4 अगस्त की सुबह 10 बजे से लेकर रात भर हरिकीर्तन का पाठ होगा तथा 5 अगस्त मंगलवार को सुबह 10 बजे तक हरिकीर्तन का समापन व हवन पूजन होगा तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से भव्य भंडारा शुरू हो जाएगा तथा भंडारे के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए देवी जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने आसपास क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तगण हरिकीर्तन व भंडारे में सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य के भागीदार बने।

## गांव में घुसा मगरमच्छ, मचा हड़कंप



शाहजहांपुर / निगोही थाना क्षेत्र के सहदेवपुर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब तालाब से निकलकर एक विशालकाय मगरमच्छ गांव में घुस आया। मगरमच्छ ने गांव में एक कुत्ते को अपना शिकार भी बना लिया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़कर वन विभाग के हवाले कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। वन विभाग ने मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की जानकारी दी है।

## हिण्डाल्को ऑडिटोरियम में मना हरियाली तीज का उत्सव

रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को ऑडिटोरियम में बीते बुधवार को तरंगिनी महिला मंडल द्वारा आयोजित हरियाली तीज का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी की वंदना के साथ सत्यम-शिवम् सुंदरम गीत गायन से हुई। तदुपरांत अनेक रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत बना दिया।

मंडल की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधान और सजीव आभूषणों में सज-धजकर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सात अलग- अलग समूहों ने अपने- अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम को और भी अधिक आकर्षक बनाने के लिए झूले की भी विशेष व्यवस्था की गई थी, साथ ही महिलाओं ने सेल्फी पॉइंट का भी भरपूर आनंद लिया। क्लब की



सचिव श्रीमती अर्चना ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत सजीव होती है, बल्कि महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने का सुंदर अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती मधुमिता नायक, श्रीमती सीमा सिंह एवं श्रीमती मीता चैरसिया भी शामिल हुईं जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम के अंत में स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। सभी उपस्थित महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की और एक यादगार तीज उत्सव का लुत्फ उठाया।

# किसान सम्मान समारोह का आयोजन




करमा,सोनभद्र। मगुराही कृषि परिसर में शनिवार को आयोजित किया गया बीसवीं किसान सम्मान निधि का किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल रही, विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह व दिनेश वियार अपना दल प्रांतीय सचिव रहे। तथा कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार मिश्र रहे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने दीपक जला कर कार्यक्रमों को प्रारंभ किया।

तत्पश्चात प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो ब्रीफ के माध्यम से उपस्थित किसानों को बड़े पर्दे पर दिखाया गया। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्दबोधन के समाप्ति के बाद उपकृषि निदेशक जय प्रकाश के द्वारा मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वीरेन्द्र कुमार जिला कृषि अधिकारी द्वारा राजेश कुमार मिश्र का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया,अमित कुमार चैबे भूमि संरक्षण अधिकारी ने पूर्व जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

उप कृषि अधिकारी द्वारा सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अनेकों प्रकार की योजनाएं शुरू की गई है। आज प्रधान मंत्री ने बीसवीं किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजी है। इससे किसान अपने खेतों में खाद बीज की बवस्था कर सकते हैं। किसान भाई अपनी आय को दूनी करने के लिए मक्का की खेती करें। दर्जनों किसान को अरहर के बीज का किट वितरण किया साथ में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। श्री पटेल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम विकास स्तर पर चल रही। हमारे जनप्रतिनिधि पंचायत के माध्यम से उसका समाधान के रहे हैं। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने हर गरीबआदिवासियों के सपने को साकार किया है। नारी सम्मान को बढ़ावा दिया है। हम बहन बेटियां अपने अपने सपने पूरे कर रहे हैं। अन्त में जय किसान, जय जवान, जय भारत माता के साथ अपना उद्दबोधान समाप्त की। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आराध्या सिंह ने किया। अन्त में वीरेन्द्र कुमार जिला कृषि अधिकारी ने कार्यक्रम ने कहा कि आप किसान भाई आए अपना समय दिए इसके लिए कृषि विभाग की तरफ से आप सभी लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं कि आपके आने से यह कार्यक्रम सफल हुआ और कृषि निदेशक के निर्देश क्रम में कार्यक्रम को समाप्त की घोषणा की जाती है। इस मौके पर हजारों किसान उपस्थित रहे।

## कृभको ने किया पीएम मोदी के कार्यक्रम कासजीव प्रसारण



वाराणसी। वाराणसी में जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की गई। इस क्रम में करौता गोपालपुर, वाराणसी में कृभको द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कृभको उत्तर प्रदेश के उप महाप्रबंधक वी. के. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कृभको गोरखपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक सिंह थे। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा महिला एवं पुरुष किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पी एम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने का सजीव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर सभी प्रतिभागियों को दिखाया गया।

कार्यक्रम का संचालन कृभको वाराणसी के वरिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि आदर्श कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में अखिलेश चौरसिया, वरिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको मिजार्पुर, पुष्पराज यादव, क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको जौनपुर, यशपाल यादव कृभको लखनऊ, आर.सी. शुक्ला क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको चंदौली और नित्यानंद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अन्नदाताओं को कृभकों की तरफ से मुफ्त तरल जैव उर्वरक वितरित किया गया।

## मंडल संविदा कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता को दिया 10 सूत्री ज्ञापन

शाहजहाँपुर। विद्युत संविदा मजदूर संगठन, उ.प्र.ने मंडल संविदा कर्मियों ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, को दिया 10 सूत्री ज्ञापन दिया।

मण्डल के अन्तर्गत 5 डिवीजनों में 43, (33/11 के०वी०) उपकेन्द्रों पर पूर्व में 894 संविदा कर्मी कार्यरत थे। मध्याचंल प्रबन्ध निदेशक के मौखिक आदेशानुसार दिनॉक 1 मई 2025 को 206 संविदा कर्मियों को छंटनी का हवाला देकर कार्य मुक्त कर दिया गया है। समी उपकेन्द्रों पर कर्मचारियों की बढ़ोत्तरी हेतु मध्यांचल प्रबन्ध निदेशक को अनुमोदन भेजने का कष्ट करें। परिचालन का कार्य करने हेतु मध्याचंल द्वारा आदेश 3.5 (साढ़े तीन) एस०एस०ओ० दिये गये है परन्तु हर उपकेन्द्र पर 3 एस०एस०ओ० ही कार्यरत है। उपकेन्द्रो पर 4 एस०एस०ओ० की वर्तमान में तैनाती की जाए। वर्तमान लाइन अनुरक्षण का कार्य करने वाले संविदा कर्मियों की कमी होने के कारण अधिक कार्य का भार पढ़ने की वजह से उनकी विद्युत दुर्घटना में मृत्यु हो रही है पूर्व के छ माह में उपरोक्त मण्डल के 8 संविदा कर्मियों के साथ दुर्घटना घटित हो चुकी है जिसमें 3 संविदा कर्मियों की विद्युत आघात से मृत्यु हो गयी गयी है, लाइन अनुरक्षण कार्य करने करने वाले कुशल व अकुशल श्रमिकों की बढ़ोत्तरी की जाए। उपकेन्द्र परिचालन एंव लाइन अनुरक्षण का कार्य करने वाले संविदा कर्मियों से वर्क टू रूल (8 घण्टे) ही कार्य लिया जाए। 8 घण्टे के अतिरिक्त यदि कार्य लिया जाता है तो कार्य के दौरान कर्मचारी के साथ होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी शाहजहाँपुर मण्डल में फेसियल उपस्थिति मोबाइल एप के माध्यम से कार्यरत संविदा कर्मियों की उपस्थिति दर्ज की जाती है परन्तु फेसियल उपस्थिति मोबाइल एप में तकनीकि कमियों होने के कारण प्रत्येक माह उपस्थिति शत प्रतिशत दर्ज नहीं होती है जबकि कर्मचारी द्वारा प्रत्येक माह 30 दिन कार्य लिया जाता है। कर्मचारियों की एप में उपस्थिति दर्ज न होने का हवाला देकर विभाग व कम्पनी द्वारा वेतन काट लिया जाता है, जो अन्याय है मध्यांचल प्रबन्ध निदेशक द्वारा अनुबन्धित कार्यदायी संस्था ऑल सर्विसेज ग्लोबल कम्पनी शाहजहाँपुर में कार्यरत संविदा कर्मियों का प्रत्येक माह का वेतन दूसरे माह की दिनाँक 25 से 31 तक कर्मियों के खातों में भेजा जाता है जबकि अध्यक्ष पावर कारपोरेशन के आदेशानुसार कार्यरत संविदा कर्मियों का वेतन प्रत्येक माह 25 की दिनाँक 01 से 07 तक संविदा कर्मियों के खातो में भेजा जाए। कार्यदायी संस्था ऑल सर्विसेज ग्लोबल कम्पनी द्वारा कर्मचारियों का मई०पी०एफ० एंव ई०एस०आई०सी० का अशंदान कर्मचारियों के खातों में नही भेजा गया, अविलम्ब भेजा जाए। प्रांतीय अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना, अशोक कुमार पाल राजेश कुमार मोहम्मद रफी अशोक सक्सेना मनीष पाल आदि उपस्थित रहे।

## वर्टिगो परीक्षण की शुरुआत

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना में कर्मचारियों की ऊँचाई पर सुरक्षित कार्य करने की क्षमता का आकलन करने के लिए वर्टिगो परीक्षण की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में अब तक 50 कर्मचारियों का परीक्षण पूरा हो चुका है। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य उन



कर्मचारियों की पहचान करना है व उन्हें उचित प्रशिक्षण दिलाना है जो ऊँचाई से संबंधित भय या वर्टिगो जैसी स्थिति से ग्रस्त हैं। वर्टिगो परीक्षण को आमतौर पर ष्हाइट पास मेडिकल वर्टिगो परीक्षणष्के नाम से जाना जाता है। इसमें कर्मचारियों को ऊँचाई पर स्थित एक संकरी बीम पर चलने, सीढ़ियाँ चढ़ने जैसी गतिविधियाँ करवाई जाती हैं। परीक्षण के दौरान व्यक्ति की ऊँचाई पर प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए परीक्षण से पहले और बाद में नाड़ी दर व रक्तचाप जैसे शारीरिक मापदंडों की भी निगरानी की जाती है। यह परीक्षण विशेष रूप से उन कर्मियों के लिए अनिवार्य किया जा रहा है, जिन्हें ऊँचाई पर कार्य करना होता है। वर्टिगो परीक्षण के माध्यम से कर्मियों की व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ साथ कार्यस्थल पर संभावित दुर्घटनाओं के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। गौरतलब है कि एनसीएल कर्मियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

## तीन धार्मिक स्थलों को मिला पर्यटन विकास का दर्जाः अरविंद सिंह



शाहजहांपुर। ददरौल विधायक अरविंद सिंह की पहल पर क्षेत्र के तीन प्राचीन धार्मिक स्थलों को पर्यटन विभाग की योजनाओं में शामिल कर लिया गया है। इनमें कुर्रिया कलां और मरेना गांव के प्राचीन शिव मंदिर तथा पट्टी बहादुर स्थित सिद्धार्थ बुद्ध विहार शामिल हैं। विधायक ने इसके लिए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही नगर पंचायत कांट के बस स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य की स्वीकृति पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पांच महीने में 5 दिन भी नहीं आयी पंचायत सहायक ऑफिस , तो कैसे बनेंगे आधार

तिकुनियां खीरी। जनपद के विकास खंड निघासन की एक ग्राम सभा में पंचायत सहायक बीते 5 महीनों में 5 दिन भी पंचायत भवन नहीं पहुंची और जनपद के आकाओं ने उनके नाम से ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाने की आईडी जारी कर दी, ऐसे में लोगों को आधार कार्ड बनवाने की सुविधा कैसे मिलेगी। विकासखंड निघासन की एक ग्राम सभा में एक पंचायत सहायक की शादी बीते मार्च में होनी थी जिसको लेकर उसने एक मार्च से 31 मार्च तक का अवकाश लिया था वह अवकाश इतना लंबा चला कि अब तक उनकी वापसी ही नहीं हो पाई इन दिनों में गांव में परिवार रजिस्टर बनाने का काम भी चल रहा था जिसका दारोमदार पंचायत सहायक के कंधों पर था परन्तु ग्राम सचिव की मेहरबानी से परिवार रिजिस्टर के सर्वे का काम प्राइवेट लड़कों को लगाकर करवा लिया गया और पंचायत सहायक अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हुईं। अब जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपद से 50 गांवों की सूची आधार बनाने के लिए भेजी थी जिसमें विकासखंड निघासन के भी पांच गांवों का चयन किया गया है अब समझ में नहीं आ रहा कि इसे दुर्भाग्य कहा जाए या सौभाग्य। इस ग्राम पंचायत का नाम भी उन 50 गांवों की सूची में आ गया और सूत्र बताते हैं कि आधार बनाने की आईडी भी उसी पंचायत सहायक महिला के नाम जारी हुई है जिसकी अभी बीते 5 महीनों से वापसी ही नहीं हुई। अब ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अपने अपने पदों के जिम्मेदार इतनी लंबी छुट्टी लेकर अपने अपने घरों में बैठेंगे तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक कैसे पहुंचेगा ऐसे में आधार बनाने की आईडी ऐसे व्यक्ति के नाम जारी करना कहां तक सही है और ऐसे लापरवाह, गैर जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी को कहां तक निभाएंगे यह तो समय के गर्भ में है। हालांकि ग्राम प्रधान द्वारा इसकी सूचना लिखित रूप से ग्राम सचिव को भी दी जा चुकी है तब भी जिम्मेदारों के कान में अभी तक जूं नहीं रेंगी है। हालांकि ग्रामीणों की मांग है कि आधार की आईडी ऐसे कर्मचारी के नाम से जारी की जाये जो मूल रूप से गांव का निवासी हो और पंचायत में कार्यरत हो। मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी खीरी विशाल सिंह ने बताया कि जब ग्राम प्रधान द्वारा सचिव को लिखित सूचना दी गई तो उन्हें मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए थी यदि किसी कारणवश संज्ञान नहीं लिया गया है तो मैं जांच कर आवश्यक कार्यवाही करवाता हूँ।

संक्षेप

## जनपद की सभी तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

बहराइच 02 अगस्त। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 18 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 18 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 15 के सापेक्ष 01, पयागपुर में प्राप्त सापेक्ष 03 व नानपारा में प्राप्त 85 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 17 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी: राजेश कुमार



जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** जिले के मिल्कीपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अयोध्या मंडल के नवागत कमिश्नर राजेश कुमार पहुंचे। उन्होंने एसडीएम सुधीर कुमार, एडीएम एफ आर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी श्रीयश त्रिपाठी समेत तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 141 मामले आए जिसमें से 2 मामलों का निस्तारण मौके पर कमिश्नर राजेश कुमार द्वारा करा दिया गया।समाधान दिवस में बसवार कला गांव की उर्मिला देवी ने प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि वह उर्मिला लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। ग्राम पंचायत में बना शौचालय बंद होने के कारण बकाया धनराशि का भुगतान नहीं हो रहा है। एसडीएम ने बीडीओ को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इनायत नगर थाना क्षेत्र के खिहारन गांव के सभाराज ने शिकायत की कि ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि गाटा संख्या 634, 635 ख, और 636 पर गांव की पूजा और गीत द्वारा अवैध तरीके से मकान का निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तुरश्मपुर गांव के मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 45 बार समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ। सीलिंग की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है। डीएम ने दो बार आदेश दिया कि दीवाल हटाकर अवैध कब्जा हटवाया जाए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम ने इस मामले में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है। कदंनपुर गांव की किशोरपति ने शिकायत की, कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उनका राशन कार्ड से नाम कटवा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके घर पर चार पहिया वाहन है, जबकि ऐसा नहीं है। एसडीएम ने बीडीओ को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। कमिश्नर ने समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से कहा कि मामलों का पूर्ण रूप से निस्तारण करना ही उनकी प्राथमिकता है।

### डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

सोहावल-अयोध्या। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई करने पहली बार आये जिलाधिकारी के सामने आने वाली हर शिकायत तहसील स्तर के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण लंबित नजर आई। इसे देख जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से कड़े शब्दों में ऐसी नाराजगी दिखाई कि अधीनस्थ तहसील स्तर के अधिकारी सभागार में अपनी कुर्सियों पर बैठने का साहस नहीं जुटा सके।

शिकायत पर बार- बार अधिशाषी अभियंता विद्युत को बुलाए जाने पर उप मंडलीय अभियंता अरशद अली ने हाजिरी दी और इनके अनुपस्थित रहने का कोई कारण नहीं बता पाए तो कारण बताओ नोटिस देने का निर्देश जिला अधिकारी ने दिया है। बभनियावां के अधिवक्ता प्रयाग दत्त तिवारी का रास्ता विवाद, मनीष सिंह खम्हरिया का न्यायिक विवाद, निशा परवीन रायपुर, रामावती मीरपुर, बड़ागांव मुस्तफाबाद की शहजादी बेगम, दुनिया का पुरवा निवासी श्रीकांत शर्मा आदि की शिकायतों को लेकर काफी बहस हुई। निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर मौजूद लोगों उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रदीप कुमार सिंह, यादव राजस्वकर्मी विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

## निःशुल्क विधिक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ

**अयोध्या।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु ‟वीर परिवार सहायता योजना-2025‟ के अन्तर्गत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर अयोध्या में ‟निःशुल्क विधिक सेवा केन्द्र‟ का शुभारम्भ अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा के द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले० कर्नल संजीव कुमार एवं डोगरा रेजीमेंट के सेवारत सैनिकों एवं जनपद के भारी संख्या में मौजूद पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में किया गया।इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की सीमाओं तथा दुर्गम क्षेत्रों में सेवा के दौरान सैनिकों को घरेलू कानूनी बोझ से मुक्त करने तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को संपत्ति विवाद, वित्तीय लेन-देन के मामलों तथा अन्य कानूनी मुद्दों में मुफ्त कानूनी सलाह और विधिक सहायता प्रदान करना है। अपने संबोधन में अपर जिला जज श्री अनिल कुमार वर्मा ने संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि इस केन्द्र पर हफ्ते में 2 दिन विधि विशेषज्ञ तथा पराविधिक स्वयसेवकों द्वारा सैनिकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जायेगी।

## डॉ. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय पुनः सदस्य निर्वाचित



**अयोध्या।** दीनदयाल शोध संस्थान नई दिल्ली के आम सभा की बैठक 25 व 26 जुलाई को चित्रकूट में आयोजित की गई जिसमें डॉ विक्रमा प्रसाद पाण्डेय जो कि अयोध्या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर संघचालक भी है को सदस्य के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया है। डॉ पाण्डेय स्थापना काल से ही नाना जी के साथ जुड़े रहे है दीनदयाल शोध संस्थान की प्रबंध समिति, जिसे सामान्य परिषद भी कहा जाता है, संस्थान के प्रबंधन और गतिविधियों को नियंत्रित करती है वर्तमान में, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना इस समिति के अध्यक्ष हैं.।दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना 1972 में नानाजी देशमुख द्वारा की गई थी। संस्थान का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को ग्रामीण विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के क्षेत्र में साकार करना है संस्थान दिल्ली मुख्यालय में पुस्तकालय, संदर्भ प्रभाग, कार्यशालाएं और छात्रों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करता है. संस्थान का प्रबंधन सामान्य परिषद (ळमदमतंस ब्वनदबपस) और स्थायी समिति द्वारा किया जाता है. हाल ही में गठित टीमः 2025 से 2030 तक 5 वर्षों के लिए नई प्रबंध समिति का गठन किया गया है, जिसमें डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना अध्यक्ष चुने गए हैं। संस्थान के संपर्क अधिकारी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी और संगठन सचिव अभय महाजन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## निविदाकर्मियों के नाम पर अवैध धन संग्रह पर मुख्य अभियन्ता कार्यालय की चेतावनी

अयोध्या।कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०, अयोध्या क्षेत्र, अयोध्या द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। कार्यालय के संज्ञान में यह मामला आया है कि कुछ संगठन, संस्थाएं अथवा व्यक्ति निविदाकर्मी के रूप में कार्य कराने या सेवा प्रदान कराने के नाम पर अवैध रूप से चंदा, शुल्क अथवा धन की मांग कर रहे हैं। यह कार्य न केवल अनधिकृत है, बल्कि आमजन को भ्रमित करने और आर्थिक शोषण करने का प्रयास भी है।मुख्य अभियन्ता कार्यालय ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन के बहकावे में न आएं और इस प्रकार की धोखाधड़ी से सावधान रहें। कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निविदा प्रक्रिया पूर्णतः निर्धारित सरकारी नियमों और पारदर्शी व्यवस्था के तहत होती है, और इसमें किसी प्रकार की धनराशि व्यक्तिगत रूप से जमा कराना अवैध और दंडनीय है।यदि किसी को इस प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल निकटवर्ती विद्युत कार्यालय या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का हुआ आगाज



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ‟उत्थान‟ (आडिटोरियम) परिसर में 02 से 06 अगस्त तक लगायी गयी ‟आकांक्षा हॉट‟ का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर आकांक्षा हाट का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा शिलालेख का अनावरण किया गया। इसके पश्चात फीता काटकर कर मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ‟उत्थान‟ (आडिटोरियम) का लोकार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अतिथिगणों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया।

# डीएम ने स्मारक स्थल, तहसील और ब्लॉकों का किया निरीक्षण





- योजनाओं का गुणवत्तापरक ढंग से क्रियान्वयन के दिये निर्देश
- पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए किया पौधरोपण

**बहराइच।** नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए हरिशंकरी पौध का वृक्षारोपण भी किया।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड चित्तौरा, पयागपुर, विशेश्वरगंज तथा तहसील पयागपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति इत्यादि का जायजा लिया। तहसील पयागपुर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजस्व ग्रामवार कुल गाटा के मिनजुमला गाटा संख्या का विवरण तैयार करने, समस्त ग्रामों की श्रेणी 2 व 3, असंक्रमणीय भूमि व आसामी विवरण बनाने, अनुसूचित जाति, जनजाति व्यक्ति के किसी भूमि पर अवैध कब्जा का चिन्हीकरण, संग्रह अनुभाग में आनलाइन एवं आफलाइन आरसी का मिलान कर अधिक से अधिक वसूली करने के निर्देश दिये। इसके अलावा अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, चकबन्दी प्रकिया, कम्प्यूटरीकृत इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त कर तहसील प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान तहसील के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट वार्ता भी की। डीएम ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी किया। ब्लाकों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीरो पावर्टी, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृक्षारोपण, राष्ट्रीय अजीविका मिशन, मनरेगा इत्यादि से सम्बन्धित प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में भ्रमणशील रहकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ शासन की मंशानुसार पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का भी समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## एपीके फाइल से रहे सावधान! डाउनलोड करने पर हो जायेगा फोन हैक



**बाराबंकी।** साइबर ठग अब सिर्फ फोन कॉल या फिशिंग लिंक से नहीं, बल्कि तकनीकी तरीकों से भी ठगी करने लगे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सतर्क रहें और किसी भी लिंक या फाइल को खोलने से पहले दो बार सोचें। उक्त जानकारी देते हुये साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने बताया कि व्हाट्सएप पर आजकल एपीके एक्सटेंशन वाली फाइल अधिक संख्या में फारवर्ड हो रही हैं। इन फाइल के आखिर में एपीके लिखा होता है। ऐसे फाईल पर क्लिक करते ही आपका फोन हैक हो जाता है। और फोन का सारा डाटा, सोशल मीडिया अकाउंट, ई-वॉलेट, नेट बैंकिंग इत्यादि की जानकारी भी हैकर के पास पहुंच जाती है। हैकर द्वारा आपके ही व्हाट्सएप नम्बर से आपके परिचित मोबाईल नंबरों पर भी ये फाइल फॉरवर्ड की जा सकती है। जिससे वे भी ठगी का शिकार हो सकते है। साइबर एक्सपर्ट आरक्षी ने आगे बताया कि इससे बचाव हेतु बिना ओपन किये तत्काल डिलीट करे। अपने फोन का इंटरनेट बंद कर दें तथा उसे 2-3 बार रिस्टार्ट करें। व्हाट्सएप का आटो डाउनलोड आप्शन बन्द कर दें। पेमेंट वॉलेट, सोशल मीडिया अकाउंट, व्हाट्सएप इत्यादि का पासवर्ड बदल लें। कोई परिचित इस तरह के मैसेज भेज रहा तो उसे फोनकॉल कर सूचित करें। तथा किसी भी साइबर अपराध की शिकायत के लिए आनलाइन वेबसाइट व ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में 1930 डायल करे।

## वरिष्ठ अधिवक्ताओ को किया गया सम्मानित

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन संस्थापक/अध्यक्ष स्वः पं0 कन्हैयालाल शुक्ल की जयंती पर चलाये जा रहे सम्मान समारोह के अन्तर्गत सिविल कोर्ट परिसर मे वरिष्ठ अधिवक्ताओं कालिका बख्स सिंह, बसंतलाल गौतम, आदित्य श्रीवास्तव, उमाशंकर श्रीवास्तव, लालजी मिश्र, शंभू दयाल रस्तोगी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विष्णु प्रताप सिंह, सुरेश चंद्र गौतम, अमित अवस्थी, मनोहर लाल वर्मा, पवन मिश्र मौजूद रहे।

# रामसेवक यादव के चित्र का अनावरण



**बाराबंकी।** पूर्व सांसद रामसेवक यादव राजनीति और वकालत में अच्छी पैठ रखते थे। एक तरफ जहां उन्होंने गरीबों और पीड़ितों को न्याय दिलाया वहीं दूसरी तरफ वह उनकी मुखर आवाज बनकर सदन में गरजे। रामसेवक यादव समाजवादी आन्दोलन के पुरोधा ही नहीं बल्कि कानून के अच्छे जानकार भी थे। उक्त बात स्व रामसेवक यादव जन्मशताब्दी वर्ष समारोह समिति के संयोजन में जिला बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित स्मृति व्याख्यान में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। तथा बार सभागार में स्व. रामसेवक यादव के चित्र का अनावरण करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री गोप ने आगे कहा कि बाराबंकी के लिये आज ऐतिहासिक दिन है। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि रामसेवक यादव बाराबंकी के गौरव रहे है। उनकी लोकप्रियता उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में रही है। उन्होंने शोषितों, पिछड़ों और दलितों की लड़ाई अदालत पर ही नहीं बल्कि सदन में भी लड़ी। समिति अध्यक्ष एवं समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने विस्तार से रामसेवक यादव की वैचारिकी पर प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह ने कहा कि रामसेवक यादव दिल से बहुत संवेदनशील थे। राजनीति में लोग अक्सर सच बोलने से कतराते हैं, क्योंकि सच बोलना फायदे का सौदा नहीं होता। सभा का संचालन हुमायूं नईम खान ने किया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार यादव, रामगोपाल रावत, मुईन अहमद, हिसाल बारी किदवई, हरीश अग्निहोत्री, रामगोपाल शुक्ला, सूरज यादव गामा, बलराम सिंह, कौशल किशोर त्रिपाठी, सरदार राजा सिंह, दानिश आदि उपस्थित रहे।

# आईआईटी कॉलेज में प्रवेश लेकर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा इसौली भारी के होनहार मेधावी छात्र सुंदरम यादव ने देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संस्थान आईआईटी में दाखिला लेकर मिल्कीपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र का मान बढ़ा दिया है। गरीब परिवार का बेटा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना हुआ है। सुंदरम के पिता नरेंद्र यादव जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी शिक्षक हैं।सुंदरम के भाई डॉ ज्ञानेंद्र यादव एमबीबीएस करने के पश्चात एमडी मेडिसिन से पीजी कर रहे हैं। इसके अलावा चचेरा भाई सत्येंद्र यादव एम्स देवघर से एमबीबीएस कर रहा है। अपने भाइयों से प्रेरित होकर सुंदरम ने मेडिकल क्षेत्र से हटकर इंजीनियरिंग की तैयारी करना शुरू किया। बचपन से ही मेधावी छात्र सुंदरम का सपना आईआईटी में एडमिशन लेकर एक अच्छा इंजीनियर बनना था, ताकि वह देश सेवा में अपना योगदान दे सके। ज्ञातव्य हो कि आईआईटी में एडमिशन जे ई ई एडवांस्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों का होता है । यह परीक्षा पूरे देश में एक साथ नेशनल टेसि्ंटग एजेंसी कराती है। जिसमें लगभग 18 लाख छात्र सम्मिलित होते हैं। क्षेत्र वासियों ने सुंदरम को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह को विदाई दी गयी

जिला संवाददाता



**बहराइच।** जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के निर्देशन तथा अपर मुख्य अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह को विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए अभियन्ता रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि श्री सिंह ने वर्ष 1988 से शासकीय सेवा प्रारम्भ की थी। श्री सिंह द्वारा 37 वर्ष तक शासकीय सेवा में योगदान देते हुए 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो गये हैं। अभियन्ता श्री सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी द्वारा अपनी सेवाकाल में पूरी मेहनत, लगन, सहनशीलता एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर जिला पं

चायत के अवर अभियन्तागण, कर अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक राज कुमार, श्रीमती किसलता, अर्जुन सिंह सहित दो दर्जन से अधिक जिला पंचायत के कर्मचारी व एक दर्जन से अधिक पंचायत के ठेकेदार मौजूद रहे।

विदाई समारोह में लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी मृदल द्वारा कविता पाठ के माध्यम से अपनी बात रखी।

# शत- प्रतिशत पेंशन योजना से लाभान्वित हो वृद्धा, निराश्रित, दिव्यांगजन: सुरेश राही




- प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, सरकारी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद प्रभारी मंत्री एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही की अध्यक्षता मे विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे राज्यमंत्री श्री राही ने वृद्धा, निराश्रित और दिव्यांगजन शतप्रतिशत पेंशन योजना से लाभान्वित किये जाने, पात्रों तक सरकार की योजनाये पहंचाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशानुसार कार्य करें जिससे सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुँच सके। लाभार्थियों को समय पर पीएम आवास चाभी प्रदान की जाए। इसके लिये अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्य एवं दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। कार्यो में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही की जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधरोपण के उपरांत रोपित किये जाने वाले पौधों को बचाने के लिये पर्याप्त जरूरी इंतजाम ट्री गार्ड, तार की बाड़ लगाई जाए जिससे पौधों की रक्षा हो सके। चिकित्सा विभाग की बहुत शिकायतें रहती है। प्रसव उपरांत समस्त प्रसूता महिलाओं को लाभपरक योजनाओं का शीघ्रता से प्रदान किया जाए। अस्पताल में किसी प्रकार की धन उगाही आदि की शिकायतें मिली तो सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों में पेयजल परिपरियोजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाये। गोवंश के मामले में गोशालाओं की सुविधाएं बेहतर, किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को शतप्रतिशत मिले इसके लिये कृषि विभाग निरन्तर मॉनिटरिंग करें। विद्युत विभाग खराब ट्रांसफार्मर सहित अन्य शिकायतें समय पर दूर करें। जल जीवन मिशन के तहत विभाग के अधिकारियों द्वारा पाइप लाइन बिछाकर लोगों के घरों के बाहर ही पानी की टोटी का कनेक्शन कर दिए है।

जबकि लोगों की मंशा है पानी की टोटी का कनेक्शन उनके घरों के अंदर लगाया जाए। अधिकारी ध्यान दे और लोगों के घरों के अंदर ही पाइप लाइन की टोटी लगाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुए कानून व्यवस्था व साइबर अपराध मामलों में किये गए सुधारों/कार्यवाहियों के विषय में जानकारी प्रदान की। बैठक मे खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या, जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन आदि मौजूद रहे।

# जलभराव से निजात नहीं पा रही रामनगरी

- नगर निगम अयोध्या के सभी दावे साबित हो रहे खोखले

अयोध्या। **विश्व की सबसे सुन्दरतम** पर्यटन स्थल बनाने का प्रयास कर रहे उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों पर नगर निगम अयोध्या पानी फेर रहा है। नगर निगम अयोध्या में वैसे तो अधिकारियों की लम्बी फौज तैनात है जिनमें एक नगर आयुक्त,लगभग आधे दर्जन अपर नगर आयुक्त, कई सहायक नगर आयुक्त नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता यहां नियुक्त हैं लेकिन अयोध्या नगरी के मुख्य मार्ग को छोड़कर बाकी गली-मुहल्लों में बरकरार जनसमस्याओं का भौतिक निरीक्षण करने जाने में अधिकारीगण रुचि नहीं ले रहे हैं।नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीश पत्र त्रिपाठी कई महीने से फैजाबाद के विभिन्न वार्डों में अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते नजर आते हैं लेकिन अयोध्याधाम के समस्याग्रस्त इलाकों में कभी उनके दर्शन नहीं मिलते हैं।टूटी-फूटी गढ्ढेयुक्त सड़कें, गंदा जल भराव सीवर चैम्बर चोक होने जैसी अयोध्याधाम की प्रमुख समस्याएं हैं।हनुमान कुण्ड वार्ड में सोनकर कुण्ड के निकट स्थित प्रसिद्ध बड़ी छावनी मंदिर के मुख्य द्वार से रविदास मंदिर की ओर आने वाली लगभग 500 मी0 सड़क पर हमेशा घुटने-घुटने तक नालियों और सीवर का गंदा पानी भरा रहता है।इसके लिए महापौर, नगर आयुक्त सहित नगर निगम व जल निगम के अधिकारियों को लगभग तीन माह से वीडियो और फोटोग्राफ्स के साथ मैसेज भेज कर इसके गन्दे जलभराव को दूर कराने का अनुरोध अयोध्या नागरिक मंच द्वारा किया जा रहा है तमाम प्रयासों के बाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता( निर्माण( व जल निगम के सहायक अभियंता व अवर अभियंता ने मौके पर जाकर अयोध्या नागरिक मंच के पदाधिकारी के साथ निरीक्षण तो पन्द्रह दिन पूर्व किया और आश्वासन भी दिया शीघ्रातिशीघ्र इस गम्भीर जनसमस्या का निराकरण कराने का, लेकिन आज भी वह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। थोड़ी सी बारिश होने पर जल भराव की मात्रा में काफी इजाफा हो जाता है इसी गंदे जल में से होकर लोगों को आना- जाना पड़ रहा है।



दूसरा मुहल्ला जलवानपुरा व दन्तधावन कुण्ड कॉलोनी में थोड़ी सी बरसात हो जाने पर भी जल भराव की समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है जबकि यहां पर करोड़ों रुपए लगाकर पम्प हाउस बनाया गया है लेकिन नाले- नालियों की सफाई न होने के कारण जलभराव कई दिनों तक बना रहता है ! इतना ही नहीं सरयू नदी के किनारे गोलाघाट से ऋणमोचन घाट के मध्य परिक्रमा मार्ग पर लगभग 200 मीटर में जलभराव बना रहता है यहीं पर नगर निगम ने फाइबर वाले दर्जनों सेट शौचालय व शुद्ध पेयजल मुहैय्या कराने के लिए उपकरण लगा रखे हैं लेकिन गन्दा पानी भरे रहने के कारण श्रद्धालु इन सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पाते हैं ।

अयोध्या नगरी की रानोपाली के निकट स्थित राघव विहार कॉलोनी में सीवरलाइन का मल- मूत्र उफनाकर सड़क पर बहता रहता है। वहां भी नगर निगम व जल निगम के अधिकारी सीवर लाइन की सफाई कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं।




# इंग्लैंड पर भारत की 374 रन की बढ़त

## टीम दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट; जायसवाल ने शतक लगाया, आकाश दीप-जडेजा की फिफ्टी

एजेंसी

लंदन। भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 373 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 396 रन बना लिए हैं। वॉशिंगटन सुंदर और प्रसिद्ध कृष्णा पिच पर हैं। मोहम्मद सिराज (शून्य) और रवींद्र जडेजा (53 रन) को जोश टंग ने एक ही ओवर में आउट किया। उन्होंने ओपनर यशस्वी जायसवाल (118 रन) और केएल राहुल (7 रन) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने 3 विकेट लिए। जबकि जिमी ओवर्टन को दो विकेट मिले। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। शुक्रवार को इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे।



भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 299 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 322 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वॉचमैन आकाशदीप 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3 और जोश टंग ने 2 विकेट लिए। जैमी ओवर्टन को 1 विकेट मिला। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। शुक्रवार को इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वॉचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। वहीं दूसरी ओर

मोहम्मद सिराज (86 रन देकर चार विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (62 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड को पहली पारी में 247 रन पर समेटने के बाद भारत ने शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बनाकर 52 रन की बढ़त हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 51 रन और रात्रिप्रहरी आकाश दीप चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। जायसवाल आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की 23 रन की बढ़त को खत्म किया, इस दौरान दो बार उनका कैच छूटा। उन्होंने जैमी ओवरटन की शॉर्ट लेंथ गेंद पर अपरकट से छक्का जड़कर 44 गेंद में श्रृंखला में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। भारत ने केएल राहुल (07) और साई सुदर्शन (11) के विकेट गंवा दिए। राहुल लूज शॉट खेलकर जोश टंग का शिकार हुए जबकि सुदर्शन स्टंप से तुरंत पहले गस एटकिंसन की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जायसवाल ने एटकिंसन के शुरुआती ओवर में तीन चौके जड़े जिसमें एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव भी शामिल था। स्टंप से पहले तीसरा कैच छूटा जब जाक क्रॉली ने सुदर्शन को कैच करने का मौका गंवा दिया। इससे पहले हैरी ब्रुक की 64 गेंद में 53 रन की आक्रामक पारी के समाप्त होने के बाद इंग्लैंड अंतिम सत्र में ऑल आउट हो गया। क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे और इंग्लैंड के 247 रन पर नौंवा विकेट गंवाते ही पहली पारी समाप्त हो गई जिससे उसने 23 रन की बढ़त हासिल की। सुबह भारत की पहली पारी आधे घंटे के अंदर 224 रन पर खत्म हो गई और टीम ने बचे हुए चारों विकेट 20 रन के अंदर गंवा दिए। सिराज ने दोपहर के सत्र में आठ ओवरों के शानदार स्पैल में तीन विकेट चटकाकर भारत को वापसी कराई जिससे चाय तक इंग्लैंड ने सात विकेट पर 215 रन बना लिए थे। चाय सत्र के बाद बारिश के व्यवधान के कारण कुछ देर तक खेल रोकना पड़ा, तब तक इंग्लैंड ने गस एटकिंसन के रूप में आठवां विकेट खो दिया था जो कृष्णा का शिकार हुए।

खेल शुरू होने के बाद सिराज ने ब्रुक (53 रन) को बोल्ड कर उसका आखिरी विकेट झटक लिया। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरे सत्र में तीन तीन विकेट झटके जिससे इंग्लैंड ने मुख्य बल्लेबाज जो रूट (29 रन), जाक क्रॉली (64 रन), कार्यवाहक कप्तान ओली पोप (22 रन) और जैकब बेथेल (छह रन) के विकेट गंवा दिए। रूट और कृष्णा के बीच इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई। शुरुआती सत्र में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने ब्रेक के बाद लेंथ हासिल करते हुए वापसी की। कृष्णा की गेंद पर क्रॉली ने पुल शॉट लगाने में गलती की और मिडविकेट पर कैच आउट हो गए। पिच से तेज गेंदबाजों को लगातार मदद मिल रही है। सिराज ने पोप और रूट को पगबाधा आउट किया। फिर एक इनस्विंग यॉर्कर से बेथेल को भी पगबाधा आउट किया। सिराज लगातार कोशिश करते रहे और उन्हें इसका फल भी मिला। एक बार फिर उन्होंने दिखाया कि वे कार्यभार प्रबंधन में विश्वास नहीं रखते। कृष्णा भी प्रभावशाली रहे। उन्होंने चाय सत्र के अंतिम ओवर में जैमी स्मिथ और जैमी ओवरटन के विकेट झटके।

# मुख्यमंत्री ने विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को दिया तीन करोड़ का पुरस्कार



नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं।

दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

**युवा एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः खडसे**

जलगांव (महाराष्ट्र)। केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने 38वीं राष्ट्रीय अंडर-11 शतरंज चैम्पियनशिप का उद्घाटन करते हुए शनिवार को यहां कहा कि सरकार युवा खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अंडर-11 शतरंज चैम्पियनशिप में 550 से अधिक खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इस आठ लाख ईनामी प्रतियोगिता में अधिकांश फिडे-रेटिड खिलाड़ी हैं।

## संक्षेप

### सप्तक तलवार ने स्कॉटिश चैलेंज में कट हासिल किया

रॉक्सबर्ग (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने फार्मफूड्स स्कॉटिश चैलेंज में दूसरे दौर में एक ओवर 72 के कार्ड के साथ कट हासिल किया। आर एंड ए द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में उन्होंने 66 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर चार अंडर का है। वह संयुक्त 37वें स्थान पर है। तलवार दूसरे दौर के शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी लगाने के बाद अच्छी स्थिति में थे लेकिन वह 11 होल में बोगी और 16वें होल में एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। स्पेन के क्रिम विडाल ने दूसरे राउंड में छह अंडर 65 के स्कोर के साथ शीर्ष पर दो स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली।

### जो रूट को चिढाना भारत की रणनीति का हिस्सा : प्रसिद्ध

लंदन। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छे दोस्त जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आम तौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि रूट को चिढाना अनायास नहीं हुआ था। उन्होंने कहा यह हमारी रणनीति थी। लेकिन मैने सोचा नहीं था कि मेरे कुछ शब्दों पर वह इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देंगे।

### विश्वास, टीम भावना से की भारत ने वापसी : प्रसिद्ध

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढत लेने दी। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई की वेबसाइट पर डाले वीडियो में कहा, हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है। उन्होंने कहा हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे।

# लक्ष्य, मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल से बाहर

एजेंसी



मकाऊ। भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया जब लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21 . 16, 21 . 9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज तेईस वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 19, 16 . 21, 16 . 21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था। 2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0 . 3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11 . 7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13 . 19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5 . 4 की बढत बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11 . 5 की बढत थी। इसे उन्होंने 14 . 6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11 . 6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की। मन्नेपल्ली ने हालांकि फिर बढत बनाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

### मन्नेपल्ली के शानदार अभियान का सेमीफाइनल में हार के साथ अंत

मकाऊ। भारत के तरूण मन्नेपल्ली का मकाऊओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार अभियान शुक्रवार को सेमीफाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से तीन गेम में हारने के बाद खत्म हो गा।

विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज तेईस वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 19, 16 . 21, 16 . 21 से हार गए। मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11 . 6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की।

### अजय का इस्तीफा, डब्ल्यूबी अध्यक्ष पर्यवेक्षक पर चुनाव में भाग लेंगे

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने महासंघ के आगामी चुनावों में भाग लेने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है जिसमें विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) के अध्यक्ष बोरिस वान डर वोर्स्ट पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे। अंतरिम समिति द्वारा चुनाव की तारीख 21 अगस्त की औपचारिक घोषणा के एक दिन बाद शुक्रवार को सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने एक अगस्त को वान डर वोर्स्ट को लिखे एक पत्र में लिखा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय मुक्केबाजी संघ के चुनावों की औपचारिक घोषणा हो गई है और ये 21 अगस्त 2025 को होने वाले हैं। इस पत्र की एक प्रति पीटीआई के पास भी है।

उन्होंने कहा मैं इस आगामी चुनाव में लड़ना चाहता हूं इसलिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के हित में उचित यही होगा कि मैं तत्काल प्रभाव से अंतरिम समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूं।

विश्व मुक्केबाजी ने अंदरूनी कलह के चलते भारतीय मुक्केबाजी के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए अप्रैल में अंतरिम समिति का गठन किया था। अंतरिम समिति ने शनिवार को सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

# चैंम्पियन जेसिका पेगुला को सेवास्तोवा ने हराया

एजेंसी



मांट्रियल। दो बार की गत चैम्पियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6 . 3, 4 . 6,1 . 6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6 . 2, 6 . 4 से हराया।

अन्य मैचों में विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6 . 2, 6 . 2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6 . 3, 6 . 0 से मात दी। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6 . 2, 6 .1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6 .1, 6 .1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2 . 6, 6 . 3, 6 . 3 से हराया।

**कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर टेलर फ्रिट्ज तीसरे दौर में**

टोरंटो। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6 . 4, 6 . 2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3 . 6, 6 . 3, 6 . 4 से हराया।

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6 . 7, 6 . 2, 7 . 6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5 . 7, 6 . 4, 6 . 3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6 . 3, 4 . 6, 6 . 3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।

**नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैम्पियन मैकडोनाल्ड से हारे**

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैम्पियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लातजमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6 . 2, 4 . 6, 6 . 4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिये खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाये और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी। नागल को प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिये 1535 यूरो और छह रैंकिंग अंक मिले। इस बीच अमेरिका में लेक्सिंग्टन ओपन में भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश को स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी एलियोट स्पिजिरी ने 7 . 6, 6 . 4 से मात दी। कजाखस्तान में प्रेसिडेंट्स कप में करण सिंह क्वार्टर फाइनल में इटली के अलेक्जेंडर बिंदा से 4 .6, 4 . 6 से हार गए।

### दीक्षा डागर ने एआईजी महिला ओपन में कट में जगह बनाई

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए एआईजी महिला ओपन में एक ओवर 73 का कार्ड खेला जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर का कार्ड खेला था और अब दो दौर में वह इवन पार पर बनी हुई हैं। वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वह यहां छठी बार हिस्सा ले रही हैं लेकिन दूसरी दफा ही कट हासिल कर पाईं। पिछली बार 2023 में संयुक्त 21वें स्थान पर रहना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

# फुटबॉल : लद्दाख एफसी ने त्रिभुवन आर्मी से ड्रॉ खेला

## कोलकाता, दिल्ली , मुंबई और अहमदाबाद मेस्सी के स्वागत को तैयार

एजेंसी

जमशेदपुर। पदार्पण कर रहे लद्दाख एफसी ने शनिवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप सी मैच में त्रिभुवन आर्मी एफसी को कड़े मुकाबले में 1-1 से बराबरी पर रोककर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। डिफेंडर सिजू ने 23वें मिनट में हेडर से गोल करके इतिहास रच दिया, वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गोल करने वाले लद्दाख के पहले खिलाड़ी बन गए। इसके बाद नेपाल की त्रिभुवन आर्मी के निरंजन धामी ने ब्रेक से ठीक पहले गोल करके बराबरी दिलाई।



मेस्सी का भारत दौराः पहला चरण कोलकाता में, दिल्ली , मुंबई और अहमदाबाद भी स्वागत को तैयार

कोलकाता। अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जायेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशलमीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आयेगी। कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट उंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जायेंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिये टिकट की न्यूनतम दर 3500 रूपये होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3 . 45 पर मीटएंटग्रीट कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5 . 30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिये वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रपटों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एम एस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं हागा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा जो उनके सफर का जश्न होगा। इसके बाद वह भारतीय फुटबॉल टीम से बात कर सकते हैं। वह 15 दिसंबर को दिल्ली आयेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। इसके बाद फिरोज शाह कोटला स्टेडियम पर दोपहर 2:15 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। हर शहर में वह बच्चों के साथ मास्टर क्लास भी लेंगे। सूत्र ने बताया कि उनके भारत दौरे पर केरल जाने का कोई कार्यक्रम नहीं है। मेस्सी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आये थे जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1. 0 से जीते थे।

**एशियाई कप की चुनौती से पहले स्वीटी देवी की नजरें बेहतर तैयारी के लिए ज्यादा मैत्री मैच खेलने पर**

उदयपुर। एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए भारत को 12 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं और अनुभवी सेंटर-बैक स्वीटी देवी नगांगबाम का मानना है।

# बिहार में मतदाता सूची पर घमासान

## तेजस्वी यादव ने मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम नहीं होने का दावा किया, उपमुख्यमंत्री ने किया खंडन

एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है।

हालांकि, उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के साथ ही पटना जिला प्रशासन ने इस दावे का खंडन करते हुए मसौदा मतदाता सूची का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें यादव का विवरण और तस्वीर देखी जा सकती है। प्रेस वार्ता के दौरान, पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने अपने फोन को एक बड़ी स्क्रीन से जोड़ा और अपना ईपीआईसी नंबर खोजने की कोशिश की, जिससे परिणाम आया कि कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। तेजस्वी यादव ने कहा, देखिएउ मैं खुद मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हूं। इससे मैं चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता हूं। शायद, मुझे नागरिक नहीं माना जाएगा और मैं इस घर में रहने के अधिकार से भी वंचित हो जाऊंगा। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने यह भी दावा किया कि जब बूथ स्तर का अधिकारी उनके यहां गणना प्रपत्र लेकर आया था, तो उसने उन्हें कोई रसीद नहीं दी।



राजद नेता ने कहा लेकिन, मैंने कोई कसर नहीं छोड़ते हुए अपना हस्ताक्षरित और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सौंपते हुए अपनी तस्वीर खिंचवा ली थी। कुछ पत्रकारों ने यादव को सुझाव दिया कि वह शनिवार को निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराए गए मतदाता सूची के मसौदे का प्रिंटआउट देखें, हो सकता है उनका नाम उसमें हो। यादव ने जवाब दिया ऑनलाइन तरीका ही ज्यादा लोगों के लिए उपलब्ध है। क्या आप उम्मीद करेंगे कि बिहार से बाहर रहने वाला कोई व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम देखने आएगा? मेरा कहना यह है कि जब हम जैसे लोग ही परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो आम लोगों की तो बात ही क्या करें। मुझे सुनने में आया है कि एक आईएएस अधिकारी दंपति का नाम भी मतदाता सूची से गायब है। राजद नेता ने हाल ही में आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी देकर खलबली मचा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए सत्तारूढ़ राजग की मदद करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में यह भी कहा मैं देखना चाहता हूं कि क्या किसी भाजपा नेता का नाम भी मसौदा मतदाता सूची से गायब है। इस बीच, चौधरी ने तेजस्वी के दावे का खंडने करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आपका नाम आपके पिता, आदरणीय लालू प्रसाद (राजद प्रमुख) के नाम के बिल्कुल साथ है। बेहतर होगा कि आप झूठे दावों की अपनी दुकान बंद कर दें। पटना जिला प्रशासन ने भी एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में तेजस्वी यादव का नाम नहीं है।

## डॉ. आंबेडकर का सामाजिक-आर्थिक समानता का सिद्धांत भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा : प्रधान न्यायाधीश

नागपुर। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा प्रचारित सामाजिक-आर्थिक समानता और न्याय का सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा। न्यायमूर्ति गवई ने यहां डॉ. आंबेडकर कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में कहा कि उन्होंने जीवनभर सामाजिक-आर्थिक न्याय की विचारधारा को आत्मसात करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति और विकास किसी भी समाज की तरक्की को मापने का एक पैमाना है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, यह देखकर खुशी होती है कि डॉ. आंबेडकर कॉलेज की छात्राओं ने इन मानदंडों को पूरा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि महिला सशक्तीकरण डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है और उनकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा डॉ.



आंबेडकर हमेशा कहते थे कि एक प्रतिष्ठित व्यक्ति और एक महान व्यक्ति में अंतर होता है। एक प्रतिष्ठित व्यक्ति वह होता है जो व्यक्तिगत रूप से सफल होता है, लेकिन समाज और देश के कल्याण के लिए काम करता है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि वह अपने माता-पिता के अलावा, भारत के प्रधान न्यायाधीश बनने की यात्रा का श्रेय डॉ. आंबेडकर की सामाजिक-आर्थिक समानता, न्याय और भारतीय संविधान की विचारधारा को भी देते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो डॉ. आंबेडकर की विचारधारा और भारतीय संविधान आपकी मदद करेगा।

## संक्षेप

### अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों की जगह बदलने का आदेश

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के बेहद भड़काऊ बयानों के बीच दो अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा कि मेदवेदेव के बेहद भड़काऊबयानों के आधार पर उन्होंने उचित क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने कहा, बयान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और कभी-कभी यह अनचाहे दुष्परिणामों की ओर ले जाते हैं, मैं आशा करता हूं कि मेदवेदेव के बयानों से ऐसा न हो। दरअसल ट्रंप ने बृहस्पतिवार तड़के एक पोस्ट में मेदवेदेव को रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति बताया था। इसके कुछ घंटे बाद मेदवेदेव ने जवाब देते हुए कहा, रूस हर मामले में सही है और अपने रास्ते पर चलता रहेगा। दोनों देशों के बीच जुबानी जंग की शुरुआत इस हफ्ते हुई थी, जब मेदवेदेव ने लिखा, ट्रंप रूस के साथ अल्टीमेटम गेम खेल रहे हैं। उन्हें दो बातें याद रखनी चाहिएः 1. रूस इजराइल या ईरान नहीं है। 2. हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है और युद्ध की ओर ले जाने वाला एक कदम है। रूस और यूक्रेन के बीच नहीं, बल्कि उनके अपने देश (अमेरिका) के साथ।

## रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमलों में तीन की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन की ओर से रूस पर किए गए ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। रूस के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की वायुसेना ने रूस के आठ क्षेत्रों और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में 112 ड्रोन मार गिराये। कार्यवाहक गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने कहा कि यूक्रेन की सीमा से लगे रोस्तोव क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेग मेल्निचेंको के अनुसार, पेन्जा क्षेत्र में व्यापारिक परिसर पर ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव फेडोरिशचेव ने बताया कि समारा क्षेत्र में एक ड्रोन एक इमारत पर गिरा, जिससे उसमें आग लग गई और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर 53 ड्रोन से हमला किया और वायुरक्षा प्रणाली ने 45 ड्रोन मार गिराये। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को बताया कि खार्किव क्षेत्र में रातभर हुए ड्रोन हमले में 11 लोग घायल हो गए।

## कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक में नहीं, कलम में : प्रधान

एजेंसी



श्रीनगर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान हिंसा में नहीं, बल्कि शिक्षा में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कश्मीर एक शिक्षित समाज है।

प्रधान ने यहां एसकेआईसीसी में नौ दिवसीय चिनार पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक या लाठियों में नहीं, बल्कि कलम में है।

कश्मीरी समाज एक शिक्षित समाज है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2019 में केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में कई चीजें पहली बार हो रही हैं।


कई वर्षों के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहाल हुई हैं। गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए कई सुविधाएं या कार्यक्रम, या विभिन्न कानून, जो पहले यहां लागू नहीं हो रहे थे, अब अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले, केंद्र शासित प्रदेश में कई वर्षों तक स्थानीय चुनाव नहीं हुए थे।

उन्होंने कहा, लोगों का जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व गायब थाअ अब धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो रही है।

## प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली है निर्वाचन आयोग : मल्लिकार्जुन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र में मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर के विषय को लेकर शनिवार को निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह संवैधानिक संस्था प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों की कठपुतली है। उन्होंने कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक विधिक सम्मेलन में यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का संविधान बदलना चाहते हैं, लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी। खरगे ने दावा किया, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में नाम जोड़े गए।



महाराष्ट्र के एक हॉस्टल में 9 हजार मतदाता कैसे हो सकते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग नरेन्द्र मोदी की कठपुतली है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा भारत का संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। यह प्रत्येक भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का अधिकार देता है। लेकिन आज संविधान खतरे में है। उन्होंने दावा किया सत्ता में बैठे नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। भाजपा-आएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटा दिया जाए। भाजपा को 2024 के चुनाव में 400 सीट मिल जाती, तो वो संविधान को बदल देते। लेकिन ये देश की जनता की ताकत है, उन्होंने 400 पार कहने वालों के मुंह पर तमाचा मारा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय राहुल गांधी जी को जाता है, क्योंकि उन्होंने संविधान को बचाने की मुहिम चलाई। खरगे ने कहा भाजपा-आरएसएस के लोग समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द संविधान से निकाल ही नहीं सकते हैं, क्योंकि उनके पास वो ताकत नहीं है, जो इस देश की जनता के पास है। खरगे ने दावा कि वर्तमान मानसून सत्र में प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने के बाद अपने कार्यालय में बैठे रहते हैं, लेकिन सदन में नहीं आते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा वह कार्यालय में बैठकर टीवी पर संसद की कार्यवाही देखते हैं। अगर कार्यवाही ही देखनी है तो सदन में आइए, आमने-सामने से देखिए। मुझे तो समझ नहीं आता है, उन्हें किस बात का डर है।

## लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर हुई धांधली : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक विधिक सम्मेलन में इस बात को फिर से दोहराया कि कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वो एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इसका सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हुई। निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक में मतदाता सूची से जुड़े राहुल गांधी के दावे को शुक्रवार को निराधार बताया था। राहुल गांधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज (नरेन्द्र मोदी) प्रधानमंत्री पद पर बहुत ही साधारण बहुमत के साथ हैं। हमारा मानना है कि (लोकसभा चुनाव में) 70, 80 या 100 सीट तक पर धांधली हुई है। यदि 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो वह (मोदी) भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। उन्होंने कहा, हम अगले कुछ दिन में यह साबित करने जा रहे हैं कि एक लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और कैसे की गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 2014 से ही मुझे चुनाव प्रणाली पर संदेह है। (भाजपा की) प्रचंड जीत हासिल करने की क्षमता आश्चर्यजनक है। महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने मुझे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने पर मजबूर कर दिया।

राहुल गांधी ने कहा मैं बिना सबूत के कुछ नहीं बोल सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं। उन्होंने कहा कि इन सबूत के आधार पर देश को दिखा दिया जाएगा कि निर्वाचन आयोग की संस्था उस तरह काम नहीं करती, जैसा उसे करना चाहिए तथा यह समझौते का शिकार हो चुकी है। कांग्रेस के शीर्ष नेता ने शुक्रवार को दावा किया था कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है।

## सुना है भारत अब रूस से तेल नहीं लेगा : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने सुना है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा जो एक अच्छा कदम है। ट्रंप ने साथ ही कहा कि उन्हें इस बारे में हालांकि कोई ठोस जानकारी नहीं है। ट्रंप ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा मुझे पता चला है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मैंने यही सुना है। मुझे नहीं पता कि यह बात सही है या गलत, लेकिन यह एक अच्छा कदम है। देखते हैं क्या होता है। ट्रंप की यह टिप्पणी व्हाइट हाउस की ओर से लगभग 70 देशों के निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्क की घोषणा के एक दिन बाद आई है।

## इंटरटेनमेंट...

### सोनू निगम ने 32 भाषाओं में गाये छह हजार गाने

मुंबई। सोनू निगम ने पहली बार मंच पर पिता के साथ मोहम्मद रफी का क्या हुआ तेरा वादा गाना गाया था। बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी सुरीली आवाज से जादू बिखेरने वाले सिंगर सोनू निगम आज 52 साल के हो गए हैं। उन्होंने कल हो ना हो, मुझ में कहीं, दिल डूबा जैसे एक से बढ़कर एक हिट गाने गाए हैं। बतौर बाल कलाकार उन्होंने फिल्म बेताब में भी काम किया था। महज 4 साल की उम्र में सिंगिंग करियर की शुरूआत की थी। वे अपने पिता के साथ शादियों,

**❍ बचपन गरीबी में बीता, शादियों में गाते थे : अजान पर बयान देकर मुंडवाया सिर**

मेलों और स्टेज पर गाया करते थे। बड़े सपनों को लेकर दिल्ली से मुंबई आए, लेकिन यह सफर आसान नहीं था। शुरूआती चार साल तक उन्हें लगातार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। हालांकि, मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में एक खास मुकाम हासिल किया। सोनू निगम गायकी के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। उन्होंने अजान, राधे मां और म्यूजिक इंडस्ट्री में माफिया कल्चर जैसे मुद्दों पर खुलकर राय रखी,



जिसके चलते उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। सोनू निगम के पिता अगम कुमार निगम एक गायक हैं। एक समय घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए वे शादियों और कई कार्यक्रमों में स्टेज पर गाना गाया करते थे। इसी के चलते सोनू को भी छोटी उम्र से ही संगीत में रुचि होने लगी। जब सोनू सिर्फ 4 साल के थे और उनके पिता स्टेज पर गा रहे थे, तभी सोनू अचानक रोने लगे और गाने की जिद करने लगे। यह देखकर उनके माता-पिता हैरान रह गए, क्योंकि इससे पहले सोनू ने कभी ऐसा व्यवहार नहीं किया था, न ही कोई गाना गाया था।

हालांकि वहां मौजूद लोगों ने कहा कि बच्चा है, गाने दो, तो माता-पिता ने भी उन्हें मंच पर जाने दिया। सोनू ने पहली बार अपने पिता के साथ मंच पर मोहम्मद रफी का मशहूर गाना 'क्या हुआ तेरा वादा' गाया था। उनकी आवाज में इतनी मिठास कि वहां मौजूद माता-पिता ही नहीं, बल्कि हर कोई हैरान रह गया। उसी पल उनके माता-पिता को एहसास हुआ कि सोनू के भीतर प्रतिभा छिपी है। संगीत की प्रारंभिक शिक्षा सोनू को पिता से ही मिली। इसके बाद धीरे-धीरे सोनू ने पिता के साथ मेलों, शादी समेत हर तरह के इवेंट में गाने गाए। हालांकि जब सोनू बड़े हो रहे थे, तो उन्होंने एक समय वैज्ञानिक बनने की इच्छा भी जताई, लेकिन संगीत के प्रति उनका जुनून इतना गहरा था कि वे इससे कभी दूर नहीं हो पाए। सोनू को धीरे-धीरे दिल्ली में अच्छी-खासी पहचान मिलने लगी थी।

### सैयारा का टाइटल ट्रैक बनाते समय डिप्रेशन में था : कंपोजर

मुंबई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के गाने, खासकर टाइटल ट्रैक कई म्यूजिक चार्ट में छाया हुआ है। टाइटल ट्रैक को बनाने वाले म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने इस गाने को बनाने के पीछे की कहानी बताई है। बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में उन्होंने 'सैयारा' के गाने को प्रोडक्ट ऑफ पेन बताया है। तनिष्क से जब इंटरव्यू में पूछा जाता है कि क्या सबसे अच्छा गाना या म्यूजिक दर्द में बाहर आता है? जवाब में वो इस पर हामी भरते हैं। फिर तनिष्क बताते हैं- ह्यआप यकीन नहीं करोगे, जब सैयारा बन रहा था, तब मैं बहुत ज्यादा डिप्रेशन में था। मैं रोज दवाई ले रहा हूं। सो नहीं पा रहा था। सफलता तो थी, लेकिन फिर भी एक खालीपन था जिसे मैं समझ नहीं सका। मेरे पास घर था।

### हिट एंड रन मामले में एक्ट्रेस नंदिनी गिरफ्तार

मुंबई। गुवाहाटी पुलिस ने बुधवार को असम की एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप को गिरफ्तार किया है। उन पर एक 21 साल के छात्र की मौत वाले हिट एंड रन मामले में गाड़ी चलाने का आरोप है। यह हादसा 25 जुलाई की रात करीब 3 बजे गुवाहाटी के दक्षिणगांव इलाके में हुआ था। मृतक की पहचान

**❍ बोलेरो रवश की टक्कर के बाद छात्र की मौत हुई थी**

नलबाड़ी पॉलिटेक्निक के छात्र समीउल हक के रूप में हुई थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि छात्र घर लौट रहा था, तभी एक बोलेरो एसयूवी ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी



एक्ट्रेस चला रही थीं। टक्कर के बाद वह रुकी नहीं और मौके से भाग गईं। समीउल के दोस्तों ने उस रवश का पीछा किया और उसे काहिलीपाड़ा के एक अपार्टमेंट में ट्रैक किया। नंदिनी कश्यप गुवाहाटी की रहने वाली हैं और उन्होंने 2021 में मेघालय यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से ग्रेजुएशन किया है।

### विजय सेतुपति पर लगा कास्टिंग काउच का आरोप

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति पर कास्टिंग काउच का गंभीर आरोप लगा है। उन पर ये आरोप सोशल मीडिया पर राम्या मोहन नाम की एक महिला ने लगाया है। राम्या ने अपने पोस्ट में न सिर्फ एक्टर पर बल्कि तमिल फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी कई दावे किए। हालांकि, बाद में ये पोस्ट डिलीट कर दी गई और अब वो अकाउंट भी डिएक्टिवेट हो चुका है।

एक्स पर राम्या मोहन लिखती हैं- ह्यकॉलीवुड में ड्रग और कास्टिंग काउच कल्चर कोई मजाक नहीं हैं। मेरी जान-पहचान की एक लड़की, जो अब एक जानामाना चेहरा है, को इस गंदगी में धकेला गया। आज वो रीहैब सेंटर में है। ड्रग्स, मानसिक शोषण और जिस्मानी फेवर को इंडस्ट्री



का 'नॉर्म' कहकर छुपाया जाता है। विजय सेतुपति ने उसे 'कारवैन फेवर' के लिए 2 लाख और 'ड्राइव' के लिए 50 हजार रुपये ऑफर किए। उन्होंने आगे लिखा, 'वह सालों तक उसका इस्तेमाल करता रहा, और सोशल मीडिया पर संत बनता फिरता है। ये सिर्फ एक लड़की की कहानी नहीं है, कई हैं। मीडिया इन लोगों को पूजता है जैसे ये भगवान हों।

ड्रग और सेक्स का ये नेक्सस एक सच्चाई है, मजाक नहीं। हालांकि, राम्या के दावे पर एक्टर या उनकी टीम की तरफ से अब तक कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। वहीं, राम्या मोहन को लेकर भी कई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। इस पूरे मामले में अब तक कोई कानूनी कार्रवाई या पुलिस कंप्लेन भी नहीं की गई है। बता दें कि विजय तमिल के अलावा हिंदी सिनेमा में भी चर्चित चेहरा हैं। एक्टर शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में विलेन के तौर पर नजर आ चुके हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com